हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • गुरुवार • 20.06.2024 • वर्ष : 14 • अंक : 327 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये




# विधायकों का वेतन-भत्ता बढ़ेगा, जातीय जनगणना कार्मिक विभाग कराएगा

## कैबिनेट के फैसले : जनजातीय भाषा एवं साहित्य अकादमी के गठन को मंजूरी

- कैबिनेट की बैठक में कुल 33 प्रस्ताव हुए स्वीकृत।
- वन टाइम सेटलमेंट से लगभग 4.83 लाख वाहन टैक्स डिफॉल्टर होंगे लाभान्वित।
- लुगूबुरू पहाड़ पम्प स्टोरेज प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य स्थगित।



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य के विधायकों सचेतकों अधिकारियों का वेतन भत्ते में बढ़ोतरी कर दी गई है। कैबिनेट में कुल 33 प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई कार्मिक विभाग जाती सर्वेक्षण अब कराएगा। कैबिनेट में टैक्स डिफॉल्टरों वाहनों के वन टाइम सेटलमेंट के लिए पेनल्टी माफी का भी प्रस्ताव की स्वीकृति दी गयी। राज्य में लगभग 4.83 लाख वाहन टैक्स डिफॉल्टरों की श्रेणी में हैं। इसके लिए विरूद्ध 2204 करोड़ का बकाया है। इसमे रोड टैक्स 763 करोड़ ओर पेनल्टी 1436 करोड़ है। रोड टैक्स का पूरा देना होगा पेनल्टी या 50 फीसदी देना होगा।

### झारखंड के माननीयों का वेतन एक बार फिर बढ़ेगा

झारखंड के विधायकों, सचेतकों, मंत्रियों, नेता प्रतिपक्ष के वेतन और भत्ते में बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। अब विधायकों को प्रतिमाह 60 हजार वेतन, 80 हजार रुपये प्रतिमाह सत्कार भत्ता, 40 हजार दैनिक भत्ता मिलेगा। वहीं सचेतकों को 75 हजार प्रतिमाह, उप सचेतक को 70 हजार और सचेतक को 60 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। इन्हें 55 हजार सत्कार भत्ता, 65 हजार क्षेत्री भत्ता मिलेगा। विरोधी दल के नेता को 85 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन, 95 हजार रुपये सत्कार भत्ता और 55000 दैनिक भत्ता मिलेगा। विधानसभा अध्यक्ष को 98 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन और उपाध्यक्ष को 75 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। चंपई कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कुल 33 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

### रिटायर्ड कर्मचारियों को प्रमोशन देने का निर्णय

झारखंड राज्य में 24 दिसंबर 2020 से 10 अप्रैल 2023 तक जो प्रमोशन पर रोक लगाया गया था और इसके बाद 10 अप्रैल 2023 को हटाया गया था। इस दौरान सेवा निवृत हुए अधिकारियों को उनके रिटायरमेंट की तिथि से प्रमोशन देने का संकल्प जारी था। अब कैबिनेट में इसमें उस अवधि में रिटायर्ड कर्मचारियों को भी प्रमोशन देने का निर्णय लिया है।

### झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन

झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन किया गया है। इसके तहत अब लिखित परीक्षा में 45 फीसदी न्यूनतम अंक सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को लाना होगा ओवरऑल 50 फीसदी अंक लाना होगा वही आरक्षित वर्ग के छात्र-छात्राओं को 40 फीसदी और ओवरऑल 45 फीसदी अंक लाना होगा। वही इंटरव्यू और रिटर्न परीक्षा को जोड़कर ही अब रिजल्ट जारीहोगा। लुगुबुरु में डीवीसी के 1500 मेगावाट के प्लांट को स्थगित करने का निर्णय ले गया है और इससे भारत सरकार को अनुरोध किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग में सेंट्रल डिजिटल सिस्टम को विकसित किया जाएगा विभिन्न कार्यों के लिए पोर्टल तैयार होगा और इसके लिए एजेंसी का एक चयन किया गया और कार्य के लिए 20 करोड रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कैबिनेट की बैठक के बाद प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि कार्मिक विभाग की देख-रेख में जातिगत सर्वेक्षण होगा। वहीं पुलिस अफसरों को अब प्रशंसा चिन्ह दिए जाएंगे। इस बार गणतंत्र दिवस में 120 पुलिस कर्मियों को प्रशंसा चिन्ह दिए जाएंगे। झारखंड गृह रक्षा सेवा नियमावली 2022 में संशोधन की स्वीकृति दी गई। दामोदर घाटी निगम द्वारा प्रस्तावित 1500 मेगावाट लुगूबुरू पहाड़ पम्प स्टोरेज प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य को स्थगित करने की मंजूरी। झारखण्ड जनजातीय भाषा एवं साहित्य अकादमी की स्थापना की स्वीकृति दी गई।

## झारखंड में 22 को मानसून की इंट्री

**रांची :** राज्य का मौसम करवट ले रहा है। राज्य में 22 जून को मानसून की इंट्री होने की संभावना है। ऐसे में लंबे समय से गर्मी का आलम झेल रहे राज्यवासियों को गर्मी से राहत मिलने वाली है। मानसून के झारखंड में प्रवेश करने से पहले ही मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभागके रांची स्थित मौसम केंद्र ने कुछ जिलों में बारिश-वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही उत्तर पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी भागों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि गुरुवार को झारखंड में कुछ जगहों पर गरज और तेज हवाओं के साथ वज्रपात हो सकता है।

# झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए हर किसी की सहभागिता जरूरी : चम्पाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है और इसमें हर किसी को अपनी सहभागिता निभानी होगी। सभी के प्रयासों से ही मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव है। उन्होंने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्त झारखंड बनाने के लिए जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर सभी ने नशे से दूर रहने की शपथ ली।



मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरुकता रथ को रवाना किया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। लोग यह समझ सकेंगे की नशे की वजह से उनका कितना नुकसान हो रहा है और इससे कैसे बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नशे के खिलाफ प्रचार-प्रसार से लोग जागरूक होंगे और दूसरों को भी नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। शहर हो या गांव, हर किसी को नशे से दूर रहना होगा, जो नशा को बढ़ावा दे उसे भी रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। हर किसी के सहयोग से हम अपने इस अभियान में निश्चित तौर पर सफल होंगे। यदि हम आज नशा पर नियंत्रण नहीं कर पाएंगे तो आगे और भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।




# नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है : पीएम

एजेंसी

**पटना/नालंदा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया । इस मौके पर अपने उद्घाटन भाषण में मोदी ने कहा कि बिहार अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, नालंदा का ये परिसर उसी की एक प्रेरणा है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। इस मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और 17 देशों के राजदूत और बिहार के सीएम नीतीश कुमार, राज्यपाल विश्नाथ राजेंद्र अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और संसदीय कार्यमंत्री विजय चौधरी ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि नालंदा कभी भारत की परंपरा और पहचान का जीवंत केंद्र हुआ करता था। शिक्षा को लेकर यही भारत की सोच रही है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है, विचार देती है और उसे आकार देती है। प्राचीन नालंदा में बच्चों का प्रवेश उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देख कर नहीं होता था। हर देश हर वर्ग के युवा यहां पर अध्ययन करने के लिए आते थे। नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए परिसर में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से आधुनिक रूप में मजबूती देनी है और मुझे ये देख कर खुशी है कि दुनिया के कई देशों से आज यहां कई विद्यार्थी आने लगे हैं। दुनिया के कई देशों से यहां छात्र आने लगे हैं। नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है। उन्होंने कहा, '21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। आज भारत में योग की सैकड़ों विधाएं मौजूद हैं। हमारे ऋषियों ने कितना गहन शोध इसके लिए किया होगा लेकिन किसी ने योग पर एकाधिकार नहीं बनाया। आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है, योग दिवस एक वैश्विक उत्सव बन गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय की पहचान ज्ञान के केंद्र के रूप में रही है। पुराने विश्वविद्यालय में करीब 10 हजार छात्र पढ़ते थे जबकि दो हजार शिक्षक बच्चों को पढ़ाते थे।

उन्होंने कहा कि देश ही नहीं दुनिया के अनेक जगहों के लोग यहां आकर पढ़ाई करते थे लेकिन दुर्भाग्यवश यह विश्वविद्यालय नष्ट हो गया था। नीतीश ने कहा कि साल 2005 से हम लोगों को काम करने का मौका मिला और तब से हमने बिहार के विकास का काम शुरू किया। वर्ष 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम बिहार आए थे। विधानमंडल में संबोधन के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की बात कही थी, जिसके बाद सरकार ने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की पहल शुरू की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से हमने अनुरोध किया था लेकिन उस वक्त केंद्र में जो सरकार थी वह जल्दी कुछ सुन नहीं रही थी। इसके बाद राज्य सरकार ने इसको लेकर नया कानून बनाया। राज्य सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय के लिए 455 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। वर्ष 2008 में जब काम शुरू हुआ तो कलाम साहब उसे देखने के लिए फिर से आए थे। नीतीश ने कहा कि 2010 में हमारे अनुरोध पर नालंदा विश्वविद्यालय के लिए लोकसभा में बिल पारित किया गया। इसके बाद बिहार सरकार ने भूमि समेत अन्य चीजों को केंद्र सरकार को सौंप दिया था। फिर विश्वविद्यालक का काम धीरे-धीरे होता रहा और साल 2014 से पढ़ाई शुरू हो गई। केंद्र में 2014 में एनडीए की सरकार बनी तो काम में और तेजी आई। वर्ष 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने विश्वविद्यालय के भवनों का शिलान्यास किया था।

इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि नालंदा अपनी सांस्कृतिक और शैक्षिक धरोहर-विरासत है। अनेक वर्षों से इसपर ध्यान देने की आवश्यकता थी। इसको फिर एक बार उभार कर लाने की आवश्यकता थी। इसके प्रयास हमारे द्वारा किया जा रहा है।

# रोजगार को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद ने सुबह के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात किया। विधायक ने इस दौरान विगत पूर्व बड़कागांव में जिला प्रशासन एवं कंपनी प्रबंधन की मौजूदगी में हुई बैठक में लिए गए फैसले पर 300 विस्थापित लोगों को नौकरी प्रदान करने के आश्वासन पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर ध्यान आकृष्ट कराया। अंबा प्रसाद ने बताया कि जिला प्रशासन एवं ग्रामीण विस्थापितों के बीच अगस्त 2023 में कंपनी प्रबंधन के मौजूदगी में बैठक में निर्णय लिया गया था। कि 1 महीने के अंदर 300 स्थानीय लोगों को 3 महीने की बीटीसी ट्रेनिंग के बाद रोजगार से जोड़ा जाएगा। वहीं 75% पदों पर स्थानीय लोगों को रोजगार देने का भी बात कही गई थी जिस पर कंपनी प्रबंधन ने आस्वस्त किया था कि स्थानीय विस्थापितों को बीटीसी ट्रेनिंग करवा कर कंपनी में रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाना है। विधायक ने कहा कि त्रिवेणी अप्रैल्स कंपनी में कार्यरत महिलाओं को एकाएक हटा दिया गया जिससे उनके जीविकोपार्जन में एकाएक काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अंबा प्रसाद ने हटाए गए सभी कर्मियों को पुनः बहाल करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने सभी बातों को ध्यान से सुनकर उपायुक्त को निर्देश दिया कि मामले पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए स्थानीय लोगों को 75% रोजगार उपलब्ध कराने एवं जिला प्रशासन, स्थानीय विधायक, विस्थापित रैयत एवं कंपनी प्रबंधन के बीच हुए समझौते के तहत 300 लोगों को रोजगार से जोड़ने की में तेजी लाई जाए। इसी के आलोक में दिन बृहस्पतिवार को हजारीबाग उपायुक्त की अध्यक्षता में एक बैठक करने का भी निर्देश दिया गया।

## एक नजर

### राहुल गांधी भारत के जननायक : दीपक गुप्ता

**बरही :** बुधवार को पूरे देश कांग्रेस जनों द्वारा अपने प्रिय नेता और जननायक राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया जा रहा है। बरही में भी ओबीसी कांग्रेस की ओर से स्थानीय जवाहर घाटी डैम के फॉरेस्ट भवन के पास राहुल गांधी का बर्थडे पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला ओबीसी कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक गुप्ता की अगुवाई में राहुल गांधी के नाम का केक काटा गया। उनके साथ कांग्रेस सोशल मीडिया के जिला कॉर्डिनेटर उदय केसरी, ओबीसी के जिला महासचिव सुनील साहू, युवा कांग्रेस के बरही विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव, प्रखंड सचिव यमुना यादव, सेवा दल के शरीफुल हक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघु गोप, गाजो यादव आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे। इस मौके पर दीपक गुप्ता ने कहा कि आज राहुल गांधी ना केवल कांग्रेस के सबसे लोकप्रिय नेता हैं बल्कि वे भारत के जननायक हो चुके हैं। आज जन्म दिन पर राहुल जी का हम हार्दिक अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं कि वे देश के प्रधानमंत्री बने, पूरे देश को उनसे यही उम्मीद और आस है।

### छोटामुरी के पहाड़ी मोहल्ला में एक घर में लगी आग

**सिल्ली:** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन लगभग 3 बजे विजय स्वर्णकार के घर में आग लग गई। विजय स्वर्णकार ने बताया कि वह घर में सो रहे थे इसी क्रम में उन्होंने आशंका जताई की शॉर्ट सर्किट होने के वजह से उनके घर में आग लग गई। आग लगने की खबर फैलने पर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अग्निशमन दल को बुलाया गया। अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंचकर तुरंत आग पर काबू पा लिया। आग लगने से घर के सारे घरेलू सामान जलकर राख हो गया। मौके पर मुरी ओपी के सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना सिंह दलबल के साथ मौजूद रहे।

### वेलफेयर एजेंट के विरोध में थाने में दिया आवेदन

**छतरपुर :** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के उदयगढ़ पंचायत के चोराड़ के रहने वाले वेलफेयर के खाता धारकों ने इस कंपनी के एजेंट प्रमोद रजक व विमलेश रजक के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दिया है। उक्त खाता धारकों के माने तो एजेंट प्रमोद व विमलेश ने अपनी गारंटी पर लोगों से पैसा कलेक्शन करके कंपनी को जमा किया था। इसके बाद मैच्योरिटी पूरा होने के बाद भी लोगों को पैसे वापस नहीं मिला। लोगों ने बताया कि हम लोग अपना जमा किया हुआ पैसा मांग मांग कर थक चुके है और पैसे के अभाव में किसी की बेटी की शादी रुका हुआ है तो किसी के बच्चे की पढ़ाई बाधित हो रहा है और न जाने कितनी जरूरी जरूरी काम में हमें पैसे के अभाव में रुकावट आ रही है। पैसे मांगने पर इनके द्वारा हमेशा टालमटोल किए जा रहे हैं। कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पैसा मांगने पर उक्त दोनों व्यक्तियों ने यह कहकर टालमटोल कर देते हैं कि आपकी पैसा को पुनः फिक्स कर दिया गया है। वहीं इस मामले में एजेंट प्रमोद रजक ने कहा कि हमने कोई भी पैसा अपनी रिस्क या अपनी गारंटी पर जमा नहीं करवाया है। कहा की जैसा कि आप सभी जान रहे हैं कि हमारी वेलफेयर कंपनी अभी कानूनी दांव पेच में फंसी हुई है इसीलिए लोगों की मैच्योरिटी पूर्ण हो जाने के बाद भी पैसा रिटर्न करने में दिक्कतें आ रही है। मौके पर धर्मेंद्र कुमार रजक, यशवंत कुमार, सिंधु देवी, सीमा देवी, नितेश कुमार, उमेश कुमार, संजय सिंह, दीपक यादव, राधे सिंह पटेल, रविशंकर रवि, चंदन कुमार इत्यादि बहुत से लोग मौजूद थे।

# चैनपुर के कंकारी में युवक की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के कंकारीननफुलिया में पंचायत सचिवालय से सटे मध्य विद्यालय के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। युवक को तीन से चार गोली मारी गयी है।उसे गंभीर स्थिति में इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।युवक की पहचान चैनपुर के अस्पताल चौक टाड़ मुहल्ला निवासी स्व. राजेन्द्र प्रसाद के पुत्र विवेक कुमार उर्फ बिल्ला कमलापुरी (22) के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस गोली मारने वाले अपराधियों की पहचान एवं घटना का कारण जानने में जुटी है। युवक चोरी एवं लूट के मामले में जेल भी जा चुका है। घटना मंगलवार शाम 8 बजे की है। बताया जाता है कि विवेक कुमार उर्फ बिल्ला कमलापुरी समेत कई युवक कंकारी फुलिया में पंचायत



सचिवालय से सटे मध्य विद्यालय की ओर घूमने गये थे। सीएनजी टेम्पो एवं बाइक में सभी सवार थे। अचानक विवेक कुमार उर्फ बिल्ला कमलापुरी को अपराधियों ने गोली मार दी। गोली मारने के बाद टेम्पो एवं बाइक से सारे लोग भाग निकले। सूचना मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा टीम बनाकर मामले की जांच में जुट हुए हैं। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि घटना के पास तीन खोखा बरामद किया गया है जबकि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि कंकारी के दो अपराधियों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। विवेक कुमार कमलापुरी पिछले दो वर्षों से रांची में रहकर सिक्योरिटीगार्ड का नौकरी कर रहा था। विवेक रांची में कहां और किस कंपनी में नौकरी कर रहा था, इसकी जानकारी परिजनों को भी नहीं थी। कुछ दिनों पहले ही विवेक रांची से पलामू आया था। इस बीच मंगलवार को वह घर में यह बात बोलकर निकला कि वह बकाया रकम लेने के लिए जा रहा है। लेकिन मंगलवार की देर शाम को खबर मिलती है कि विवेक को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत विवेक को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जहां इलाक के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंच गए और रो-रो कर उनका हाल बुरा बना हुआ है।

# डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने छात्रों से की मारपीट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** डालटनगंज स्टेशन स्थित आरपीएफ पोस्ट का मंगलवार को छात्रों ने करीब तीन घंटे तक घेराव किया। उनका आरोप था कि आरपीएफ द्वारा छात्रों के साथ मारपीट की गयी है। बाद में वरीय अधिकारियों के समझाने पर छात्रों ने घेराव खत्म किया। इस संबंध में अरविंद कुमार ने बताया कि उसके भाई व कुछ छात्र रेहला से गोमो-चोपन पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए थे। सभी प्रतिदिन डालटनगंज में कोचिंग के लिए रेहला से आते थे। मंगलवार को जल्दबाजी में सभी टिकट नहीं ले पाये और ट्रेन में सवार हो गये। टिकट चेकिंग के दौरान टीटीइ ने सभी को पकड़ लिया। जिसके बाद उनसे फाइन भी वसूला गया। वहीं आरपीएफ ने सभी को आरपीएफ पोस्ट के अंदर लाकर कमरे में बंद कर पिटाई कर दी। इसके बाद उन छात्रों ने कोचिंग में पढ़ने आये सभी छात्रों को फोन कर इसकी सूचना दी। जिससे सैकड़ों छात्र जमा हो गये व आरपीएफ पोस्ट का घेराव किया। छात्र आरपीएफ जवान को बाहर निकालने की मांग कर रहे थे। उनका आरोप था कि फाइन लेने के बाद भी उन्हें रसीद नहीं दी गयी थी। बाद में वरीय अधिकारियों के समझाने के बाद छात्र वापस लौटे। आरपीएफ पोस्ट पर तैनात एसआइकेएन उपाध्याय ने बताया कि छात्र थोड़ी देर के लिए आरपीएफ पोस्ट के पास जमा हुए थे। बाद में उन्हें समझा कर भेज दिया गया।

# देह व्यापार के मामले में दो महिला गिरफ्तार, भेजी गई जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस ने गुप्त सूचना पर करवाई करते हुए बड़ा बाजार ओ॰पी॰ क्षेत्र अन्तर्गत बाबा पथ के एक घर में छापामारी की किया। जहां देह व्यापार का धंधा चल रहा हैं बताते चलें की मामले के बाबत वरीय पदाधिकारी को सूचित किया। जिसके बाद वरीय पदाधिकारीयों के निर्देश पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के दल बाबा पथ उक्त घर के पास पहुँचा तो घर से दो व्यक्ति निकल रहा था दोनों व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखते ही भागने लगे पुलिस बल के द्वारा पकड़ने का भरपूर प्रयास किया गया परन्तु गली मुहल्ला का फायदा उठाकर दोनों व्यक्ति भागने में कामयब हो गये। घर का घेराबन्दी कर विधिवत तलाशी लिया गया जिसमें दो लड़की, दो महिला को बरामद किया। पूछताछ करने पता चला दो लकड़ी को बहला फुसलाकर नौकरी दिलाने के नाम पर जबदस्ती देह व्यापार करवाया जा रहा है। पूछताछ के उपरांत घर का तलाशी लिया, तलाशी के दौरान बरामद सामानों में 15,835 रूपया नगद, दो (02) मोबाईल फोन, चार (04) पीस लिबिस्टीक अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद। छापामारी दल में शामिल पुलिस में कुमार शिवाशीष, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, पु॰अ॰नि विंध्यवासनी सिन्हा, थाना प्रभारी, महिला थाना सदर, पु॰अ॰नि॰ बिट्टु रजक, ओ॰पी॰ प्रभारी, बड़ा बाजार ओ॰पी॰, पु॰अ॰नि॰ कृष्ण कु॰ गुप्ता, बड़ा बाजार, स॰अ॰नि॰ अजय कुमार बड़ा बाजार, महिला आरक्षी बैन्जती कुमार एवं महिला आरक्षी राखी सिंह रिजर्व गार्ड बड़ा बाजार शामिल शामिल थे।

# मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** उपायुक्त सह जिला पलामू को नशामुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय परिसर से मादक पदार्थ के रोकथाम हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांव का भ्रमण कर लोगों को नशे के करण होने वाले विकृतियों के संबंध में अवगत करायेंगे। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह रथ जिले के सभी पंचायतों में जाकर लोगों को मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने के संबंध में जागरूक करेगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिले को नशामुक्त बनाने में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक



नागरिक को इसके प्रति अपनी सहभागिता निभाई होगी। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपने बच्चों पर कड़ी नजर रखने की बात कही ताकि वे गलत संगत में पड़कर नशे की तरफ न चले जायें। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य है उन्होंने कहा कि बेहतर जिला, समाज और राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण समाज में विभिन्न तरह के विकृतियों फैलती है साथ ही युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत जरूरी है कि हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोका जाए। इसी कड़ी में आज यह जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आंनद व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की अधिकारियों संग बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने शहर के शिवाजी मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को आयोजित करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शिवाजी मैदान की साफ सफाई, बैठने की व्यवस्था, लाइट एंड साउंड, मंच, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही एम्बुलेंस तथा फर्स्टएड व्यवस्था



के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में उपायुक्त ने आयुर्वेद विभागाध्यक्ष को समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 06 बजे से लेकर 07 बजे तक किया जायेगा। तत्पश्चात न्यू टाउन हॉल में सभी लोगों को योग के ऊपर बनाये गये कुछ चुनिंदा वीडियो को दिखाया जायेगा तथा स्नेक्स की व्यवस्था की जायेगी।

**500 लोगों के बीच टोपी व टीशर्ट किया जायेगा वितरित**

बैठक में डीसी रंजन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी हेतु पहले आओ-पहले पाओ के तर्ज पर 500 लोगों के बीच टोपी व टीशर्ट वितरित करने की बाते कही। इसके साथ ही सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी इस योग दिवस के अवसर पर अनिवार्यतः मौजूद रहे। जिला मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक तथा सभी ग्राम पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग का अभ्यास करवाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त के अतिरिक्त सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी बिनय कुमार श्रीवास्तव, एनडीसी विक्रम आनंद, सहायक नगर आयुक्त फैजुरअहमद सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 29 ग्रामीण सड़को का होगा जीर्णोद्धार : विधायक

**मेदिनीनगर (पलामू) :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक की अनुसंशा पर फरवरी 2024 में स्वीकृत हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा की 29 ग्रामीण सड़को के जीर्णोद्धार की निविदा ग्रामीण कार्य विभाग डाल्टनगंज ने निकाल दिया है। इन सड़को का निर्माण हो जाने से अधिकांश गांव की सड़क समस्या का समाधान हो जाएगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व में 60 से अधिक सड़कों में कुछ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, कुछ का काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि 29 ग्रामीण सड़को की निविदा के बाद अधिकांश गांव की समस्या दूर हो जायेगी। कमलेश सिंह ने बताया कि 29 सड़कों में हैदरनगर की सात, हुसैनाबाद की छह, मोहम्मदगंज की दो, पिपरा की पांच व हरिहरगंज की आठ सड़के शामिल है। सभी पथों का विशेष जीर्णोद्धार किया जाना है। इन 29 सड़कों के निर्माण पर करीब 47 करोड़ रुपए खर्च होंगे। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि विकास के कार्यो पर जनता निगाह रखे। कहीं गड़बड़ी होती है तो बताएं। कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि 29 सड़कों की निविदा निकल चुकी है। जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इन सड़कों का निर्माण हो जाने से हुसैनाबादहरिहरगंज क्षेत्र का कोई गांव सड़क विहीन नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि अगर एक दो सड़के बची भी होंगी तो उसे चिन्हित कर उसका भी कया कल्प करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में जो सड़के बनी थी उनका किसी जनप्रतिनिधि ने रख रखाव तक नहीं किया। दुबारा उन सड़कों को भी दुरुस्त कराने का काम उन्हें ही करना पड़ा। उन्होंने कहा कि जनता से वह जो वादा करते हैं, उसे पूरा करने का काम करते है। जात पात और संप्रदाय की राजनीति से अलग वह विकास की राजनीति में विश्वाश रखते हैं। जनता मालिक है वह सब देख रही है। जनता की अदालत सबसे बड़ी अदालत है। जनता की अदालत पर वह हमेशा भरोसा करते हैं।

### सिल्ली-मुरी की शराब दुकानों में प्रिंट रेट्स से ज्यादा पैसा लेने की शिकायत

**सिल्ली :** मुरी सिल्ली के सरकारी वाइन शॉप में प्रिंट से ज्यादा ग्राहकों से दाम लिया जा रहा है। ग्राहकों का कहना है कि हम वाइन शॉप से माल खरीदते हैं तो दाम कुछ और रहता है और हमसे रेट 10 रूपया से 20 रूपया ज्यादा लिया जाता है। साथ ही साथ क्षेत्र में वाइन शॉप के काउंटर से अवैध क्षेत्र में सप्लाई भी जोर शोर से किया जा रहा है। वाइन शॉप के जो संचालक है वह अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आते हैं। देखा जाता है कि ना उन्हें प्रशासन से डर है ना ही आम ग्रामीणों से वह बिना डर भय के क्षेत्र में मनमानी करते हुए नजर आते है। छोटा मुरी वाइन शॉप के मनमानी से ग्रामीण परेशान है। इनकी शिकायत मध निषेध एवं उत्पाद विभाग से करने से भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किया जाता है। आबकारी विभाग का करवाई किसी प्रकार का नहीं होना ग्रामीणों का संदेह की ओर संकेत करता है। अबकारी विभाग द्वारा छापामारी कर क्षेत्र में खानापूर्ति करते हुए देखा जाता है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला से फोन से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि जांच कर वाइन शॉप का लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

### जिप उपाध्यक्ष वीणा देवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी के ने ओ पी डी, नेत्र चिकित्सा, दंत चिकित्सक, डिलीवरी से लेकर सभी वार्ड का निरीक्षण कर वहां इलाजरत मरीजों की समस्याओं की जानकारी ली एवं उन्होंने समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द पहल करने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने सभी वार्ड का जायजा लेकर मरीजों को इलाज में आ रही सभी प्रकार की समस्यओं को जल्द से जल्द दूरूस्त करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का कुछ शिकायतों और आयुष्मान कार्ड के विषय में भी जानकारी ली। मौके पर सिल्ली प्रमुख जीतेन्द्र नाथ बड़ाईक, पिस्का पंचायत समिति सदस्य अनिल मांझी आदि उपस्थित थे।

### जुलाई माह से बढ़े हुए मानदेय के साथ भुगतान किया जाए : बिनोद तिवारी

**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा सदस्य सह प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक (आरडीडी ई) दुगार्नंदझा से पलामू प्रमंडल कार्यालय में अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ मिला। गढवा, पलामू एवं लातेहार के सहायक अध्यापक जिला अध्यक्ष सुर्य देव तिवारी, अतुल कुमार एवं अर्जुन मेहता अपने जिला शिक्षा उपाधीक्षक से चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के लिए जनवरी माह से ही प्रखंड को आदेश निर्गत करने लिए निवेदन कर रहे हैं लेकिन छः माह बीतने के उपरांत भी जिला से पत्र निर्गत नही हुआ है। विदित हो कि हर वर्ष जनवरी में ही चार प्रतिशतमानदेय वृद्धि करके मानदेय देना है। जिला कार्यालय के लापरवाही का परिणाम है कि नियमावली में पारित वृद्धि देने में भी देर किया जाता है। प्रदेश अध्यक्ष बिनोद तिवारी ने दुगार्नंदझा से कहा कि यथाशीघ्र तीनों जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र निर्गत कर अंतर मानदेय के साथ जुलाई माह के साथ बढ़े हुए मानदेय के साथ भुगतान किया जाए। आरडीडी जी ने कहा कि यह जिला की घोर लापरवाही की जो पहले से वृद्धि का लाभ सहायक अध्यापकों को मिल रहा है उसमें विलंब करना गलत है। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को कहा कि यह कार्यालय काम था आपलोग को कार्यालय में आना पड़ा है यह खेद का विषय है। मैं तत्काल बात कर तीनों जिला में आदेश निर्गत करवा दे रहा हूं। प्रतिनिधि मंडल में जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी एवं रामाश्रय प्रसाद शामिल हुए।

### मेदिनीनगर में पेयजल संकट का मुख्य कारण है सरकारी उदासीनता : आशीष

**मेदिनीनगर (पलामू) :** सरकारी उदासीनता पेय जलापूर्ति की पाईप लाइन मुख्य मार्ग से गुजरने के बावजूद बाईपास रोड के निवासी इसके कनेक्शन वंचित है। यह नगरनिगम कार्यालय की घोर लापरवाही है। बाईपास रोड स्थित बिजली आफीसएरिया, बारालोटा क्षेत्र में श्पानी यात्राश् कर रहे युवाओं की टीम वहां की परिस्थितियों का अवलोकन कर काफी क्षुब्ध नजर आई। पानी यात्रा की अगुवाई कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि आज इस क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्या कहीं न कहीं सरकार की लोगो के प्रति बेरुखी और नगरनिगम कार्यालय के उदासीनता की वजह से है। शहर का मुख्य हिस्सा होने के बावजूद भी इस क्षेत्र को अब तक वाटर कनेक्टिविटी से कनेक्ट नहीं किया जाना समझ से परे है। भारद्वाज ने कहा कि निगम के अधिकारियों से इस संबंध में हम बहुत जल्द वार्ता कर समाधान का रास्ता तलाशेंगे। भारद्वाज ने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे पहलुओं को नजरंदाज किया जाना निगम क्षेत्र वासियों के साथ खिलवाड़ है, हम टैक्स देते है सारे नॉर्म्स पूरे करते है इसके बावजूद भी हमारे इस क्षेत्र के शहरवासियों की अनदेखी बर्दस्त से बाहर है। पानी यात्रा के आठवें दिन युवाओं की टोली सदर अस्पताल (एमएमसीएच) में व्याप्त घोर पेयजल संकट को सुन वहाँ भी पहूंची जहां के पानी की किल्लत की खबर सुर्खियों में भी बनी हुई है।

# डीसी ने की मंडल कारा सुरक्षा समिति की बैठक, व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिये निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारा सुरक्षा, कारा में कैदियों- बंदियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, कैदियों-बंदियों के परिजनों से मुलाकाती, कैदियों की संख्या, सुरक्षा बलों की संख्या, स्वास्थ्य सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा, बिजली, पानी, समुचित प्रकाश की व्यवस्था, वाच टावर, जैमर, टेलीफोन बूथ, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, सायरन सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा किया गया। इस दौरान उन्होंने कारा के सुरक्षा सहित भोजन, पानी, शौचालय एवं साफ-सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं निर्देश देते हुए कहा कि कारा में कैदियों - बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों-बंदियों को स्वच्छ, ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, इसमें किसी प्रकार की कोताही ना बरतें। उपायुक्त द्वारा मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही उन्होंने कहा कि जेल के चारो ओर आबादी है इस दृष्टि से सुरक्षा को लेकर पेट्रोलिंग एवं पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया।जेल मैनुअल का पालन सुनिश्चित कराने हेतु समय समय पर औचक निरीक्षण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कार्य मे कोताही बरतेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सिटी अजित कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, विशेष शाखा के पदाधिकारी, जेल के पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, डीएसपी मुख्यालय-1, कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## एक नजर

### रांची से सेना का स्क्रैप लेकर जा रहे ट्रक में लगी भीषण आग

**कतरास (धनबाद):** महुदा थाना क्षेत्र स्थित महुदा मोड़ व तैलमोचो के बीच फॉरलेन सड़क में सेना का स्क्रैप (बैटरी और ट्यूब) लेकर जा रहे ट्रक में भीषण आग लग गयी। घटना के बाद कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गयी। घटना के तुरंत बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। ट्रक चालक ने गाड़ी खड़ा करके पहले अपने वरीय अधिकारियों को फोन पर घटना की जानकारी दी। इसके बाद दमकल और पुलिस प्रशासन को घटना के संबंध में बताया। फिर किसी तरह ट्रक को पलटी मारा और आग बुझाने में जुट गया। घटना की सूचना पाकर दमकल के दो वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुटे हैं। बताया जाता है कि सेना का कबाड़ी बैटरी और ट्यूब लेकर ट्रक रांची से पान्नागाढ जा रहा था। तभी महुदा में यह घटना घट गयी।

### सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की रांची में बैठक 23 को

**धनबाद :** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा द्वारा 23 जून 2024 को एक मांग वेतनमान को लेकर राज्य बैठक मोराबादी रांची में किया जाना है। उक्त बैठक की जानकारी मोर्चा के राज्य सदस्य सुशील कुमार पांडे ने दी उन्होंने कहा वर्तमान हेमंत सरकार चुनाव से पूर्व अपनी संकल्प पत्र में लिखा है कि जे एम एम और महागठबंधन की सरकार राज्य में आते ही तीन माह के अंदर झारखंड राज्य के सहायक अध्यापकों को वेतनमान दिया जाएगा। परंतु वर्तमान सरकार अब शेष कार्यकाल केवल चार महीनो की बची है परंतु अपने संकल्प पत्र मे लिखे और वेतनमान के वायदे को अब तक पूरा नहीं किया गया। जिससे राज्य के 62,000 सहायक अध्यापकों में भारी आक्रोश व्याप्त है पांडे ने कहा निश्चित रूप से राज्य बैठक कर झारखंड में तमाम जिलों के अगुवा साथियों, मोर्चा के सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक निर्णय लेकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा यदि वर्तमान सरकार सहायक अध्यापकों को वेतनमान देकर अपना वादा पूरा नहीं करती है तो निश्चित रूप से रघुवर दास पूर्व सरकार की भांति वर्तमान सरकार का भी चुनावी समीकरण बदलने के लिए राज्य के 62 हजार सहायक अध्यापक परिवार सक्षम है।

### बीएसएल के सीओ एंड सीसी विभाग में श्रमिक उद्यान का हुआ उद्घाटन

**बोकारो :** स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक बी के तिवारी ने 19 जून को सीओ एंड सीसी विभाग में कोक ओवन बैटरी 8 के सामने श्रमिक उद्यान पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं), अतिरिक्त प्रभार अधिशासी निदेशक (एमएम) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (एच आर), अतिरिक्त प्रभार अधिशासी निदेशक (संकार्य) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। उदघाटन के मौके पर सीजीएम सीओ एंड सीसी राकेश कुमार ने निदेशक प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि विभाग के आंतरिक संसाधनों की मदद से पुराने स्क्रैप और अन्य सामग्रियों को हटाने के बाद इस पार्क को विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पार्क को विकसित करने में ठेका श्रमिकों का विशेष योगदान रहा जिन्हें सीओ एंड सीसी विभाग ने सभी सहयोग प्रदान किए, अत:पार्क का नाम श्रमिक उद्यान रखा गया है। यह पार्क सीओ एंड सीसी विभाग विभाग में उत्कृष्ट हाउसकीपिंग को भी दशार्ता है।

## ऑटो वर्कशॉप में लाखों की चोरी सीसीटीवी फुटेज में हुआ कैद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कतरास (धनबाद) :** बीसीएसएल चार के अंतर्गत अंगारपथरा ऑटो वर्कशॉप में रात करीब 1:00 बजे डकैतों ने धावा बोल कर बीसीसीएल के लाखों रुपए की संपत्ति लूट ले गए । पहले तो डकैतों ने बीसीसीएल मजदूर धीरेन महतो और शंकर मिस्त्री को लाठी डंडे से पिटाई कर सिर फोड़ दिया एवं उसके हाथ तोड़ दिया और बंधक बनाकर मोबाइल छीन कर एक रूम में बंद कर दिया। बीसीसीएल ऑटो वर्कशॉप से लाखों रुपए की संपत्ति लेकर चले गए । वर्कशॉप के मजदूरों को माने तो डकैतों ने बीसीसीएल ऑटो वर्कशॉप के २ नं गेट से पिकअपभैंन से सारा सामान ढोकर ले गए मजदूरों की मानें तो वे लोग करीबन 30 से 40 की संख्या में थे। दोनों कर्मी को घायल अवस्था में नजदीकी अस्पताल में इलाज करा कर धनबाद SNMCH ले जाया गया सीआईएसएफ के नाक के नीचे से रात भर डकैतों का तांडव होता रहा लेकिन सीआईएसएफ को भनक तक नहीं लगा वो महज दस कदम की दूरी पर है जबकि सीआईएसएफ की गस्ति गाड़ी रात भर पेट्रोलिंग करती रहती है कतरास एरिया 4 के बड़े अधिकारी के लापरवाही की वजह से भी कहा जा सकता है।

## नशे के व्यापार में संलिप्त लोगों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक सिटी अजित कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में एनकॉर्ड समिति की बैठक की गई। जिसमें जिले में नशे के कारोबार को रोकने की रणनीति बनाई गई। इस दौरान जिले में युवाओं को नशे की लत से बचाने एवं नशे के व्यापार में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त ने पूरे जिले में योजनाबद्ध तरीके से सघन जांच अभियान चलाने एवं अवैध रूप से नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। जिला अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों में रात्रि के समय असामाजिक तत्वों, युवाओं आदि के नशे का प्रयोग करने पर विशेष संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने आवश्यकता अनुसार वैसे सभी सार्वजनिक स्थलों अन्य स्थलों पर निगरानी सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही समाज कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग को लोगों में जागरूकता लाने हेतु लगातार अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिटी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक आयुक्त उत्पाद, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला तंबाकू नियंत्रण पदाधिकारी, जिला ड्रग्स इंस्पेक्टर, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सभी नोडल महिला पर्यवेक्षक, सिविल सर्जन कार्यालय से पदाधिकारी समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस और एटीएस की संयुक्त टीम ने रंगदारी मांगने और फायरिंग मामले में पांच अपराधियों को दबोचा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो जिला पुलिस और एटीएस की संयुक्त टीम ने प्रिंस खान गिरोह के मेजर के नाम से व्हाट्सएप कॉल और मैसेज भेज कर रंगदारी मांगने और नहीं देने पर दुकान में फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने मामले में बिट्टू सोनार के साथ अन्य चार सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि बोकारो पुलिस और एटीएस की टीम ने फुसरो में स्वर्ण व्यवसाईयों से धमकी देकर रंगदारी वसूलने और फायरिंग मामले का उद्भेदन करते हुए धनबाद बोकारो में प्रिंस खान गिरोह संचालित करने वाले बिट्टू सोनार सहित उनके पांच सहयोगियों को पकड़ा है। पकड़े गये अपराधियों के पास से फायरिंग में इस्तेमाल किया गया पिस्टल, गोली, बाइक एवंमोबाइल भी बरामद किया गया है। डीआईजी कोयला क्षेत्र सुरेंद्र झा ने इसकी जानकारी दी है। मामले में डीआईजी सुरेंद्र झा ने कहा कि प्रिंस खान विदेश में है। बिट्टू सोनार प्रिंस खान के धनबाद में नहीं रहने पर पैसा, हथियार, अपराधियों को जोड़ने का काम करता है। 12 और 17 जून को फुसरो के दो सोना दुकानों में फायरिंग की थी। डीआईजी सुरेंद्र झा ने बताया कि शांतिप्रिया इलाके में प्रिंस खान अपने अहम सहयोगी बिट्टू सोनार के साथ मिलकर इलाके खौफ का माहौल बनाना चाहता था। इसका उद्भेदन पुलिस ने किया है। उन्होंने बताया कि बिट्टू सोनार वर्तमान समय में धनबाद और बोकारो में प्रिंस खान गिरोह का मुख्य कड़ी है जो प्रिंस खान के विदेश भागे जाने के बाद हुआ। यहां अपराधियों से संपर्क स्थापित करता था। उसके बाद उन्हें हथियार और पैसे उपलब्ध कराता था और घटना के बाद उन्हें एक से दूसरे जगह शिफ्ट करने का भी काम करता था। उन्होंने बताया कि बिट्टू सोनार मेजर नहीं है। जब प्रिंस खान और मेजर को एक साथ सामने लाया जाएगा तो इसकी जानकारी सभी को हो जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रिंस खान फिलहाल विदेश में रहकर गैंग को संचालित कर रहा है। कागजी कार्रवाई आगे बढ़ चुकी है। जल्दी दो देशों के बीच वार्ता होने के बाद प्रिंस खान को भारत लाया जाएगा। डीआईजी ने बताया कि प्राप्त आसूचना संकलन तकनीकी सहयोग एवं सघन छापामारी कर घटना में संलित अपराधकर्मी बिट्टू सोनार को बेरमो थाना से एवं गोल कुमार सिंह, छोटु कुमार सिंह, अरविन्द सोनार और रितुराज कुमार उर्फ बाबु को धनबाद जिला के मधुबन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

### राजस्व शिविर एवं पेंशन दिव्यांगता शिविर का आयोजन सफल करें : डीसी

**बोकारो :** गुरूवार से सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में आयोजित हो रहे विशेष राजस्व शिविर एवं शुक्रवार से शुरू हो रहें पेंशन,दिव्यांगता शिविर का सफल आयोजन करेंगे। इन शिविरों के आयोजन का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें, ज्यादा से ज्यादा लोग इन शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ उठाएं यह सुनिश्चित करेंगे। उक्त बातें उपायुक्त विजया जाधव ने कहीं। वह बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रही थी। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने विशेष राजस्व शिविर में आने वाले लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो।

## प्लांट मे पहली बार 11 जुलाई को ठेकेदार मजदूरों का हड़ताल होगा सफल : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** मेडिकल जांच के बहाने ठेकेदार मजदूरों को काम से निकाले जाने का प्रबंधन के मंशा को मजदूर कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। और इसी तुगलकी फरमान के बिरोध मे आज गेट पास सेक्सन पर हजारों-हजार मजदूरों के उपस्थिति मे 11 जूलाई को 24 घंटे के हड़ताल का नोटिस प्रबंधन को नन एन जे सी एस युनियन की ओर से दिया गया। जिसका प्रतिलिपि सहायक श्रमायुक्त केन्द्रीय धनबाद को भी भेजा गया। महती सभा को संबोधित करते हुए नन एन जे सी एस युनियन के संयोजक, झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी ने प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सुगर, बल्ड प्रेशर के नाम पर ऐसे मजदूरों को काम से निकाला जा रहा है जो बर्षो से अपने खून पसीना से प्लांट के उत्पादन और मुनाफा मे 90% योगदान दे रहा है जो कहीं जायज नही हो सकता । इसके बिरोध मे जय झारखंड मजदूर समाज द्वारा 2 जून को कोक ओवेन मे एव ? 5 जून को प्लांट गोलचक्कर पर हजारों-हजार के संख्या मे उपस्थित मजदूरों के आक्रोश को देखकर भी प्रबंधन के द्वारा तुगलकी फरमान को वापस नही लिया जाना प्लांट के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चो का जिलाध्यक्ष हरिलाल मांझी ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य के यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी ने झारखण्ड मे बेरोजारी को देखते हुऐ सभी कम्पनी और संबिदाओं मे 75% स्थानीय मूल के बेरोजगारों को नियोजन देने का सरकारी आदेश निर्गत करवाया हुआ है। इसका अवहेलना स्टील प्लांट तो कर हीं रहा है बदले मे पहले से ठेका मे काम कर रहे मजदूरों को काम से निकालने की प्रक्रिया को झारखण्ड मुक्ति कभी भी बर्दाश्त नही करेगा। अगर काम से निकालने पर रोक नही लगा और निकाले गये को काम पर वापस नही लिया गया तो झामुमो प्लांट का आर्थिक नाकेबंदी भी कर सकता है। और बिधान सभा मे भी इस सवाल को उठा सकता है ।जनता मजदूर सभा के अध्यक्ष साधुशरण गोप ने प्रबंधन को आईना दिखाते हुऐ कहा कि क्या सेल मे सेल अध्यक्ष से लेकर निचे तक के अधिकारीगण को सुगर, बल्ड प्रेशर नही है वह सार्वजनिक करें। आज निश्चित रूप से 75% को यह रोग है जिसका दवा सेवन करते हुए अपना अपना ड्यूटी कर रहा है। एक्टू के नेता जे एन सिंह ने कहा कि इस तरह मेडिकल जांच के माध्यम से सेल के किसी भी प्लांट मे काम से नहीं निकाला जा रहा है तो बोकारो मे क्यो ? अन्त मे महामंत्री ने कहा कि आज मजदूर अपने हक अधिकार के लिए तैयार हो चुका है। प्रबंधन आजतक मजदूरों को ठेकेदार गठजोड के माध्यम से उनके शोषण करने की हदें को पार कर चुका है इसलिए उनके पास आज करो और मरो की स्थिति पैदा हो गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मामस कतरास ने जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहयोग कर रोजगार से जोड़ा




**कतरास (धनबाद):** मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा के तत्वावधान में बुधवार को कतरास पचगढी बाजार ज्ञान शिशु मंदिर स्थित आनंद मोहल्ला में एक जरूरतमंद महिला एवं उसके दिव्यांग बच्चे के सहयोग में मारवाड़ी महिला समिति ने अपने सहयोग से एक छोटा सा दुकान खुलवाया गया। दुकान का उद्घाटन ज्ञान शिशु मंदिर के प्राचार्य भारती केसरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मारवाड़ी महिला समिति के अध्यक्ष ऋतु अग्रवाल ने बताया कि आनंद मोहल्ला की रहने वाली रेखा पाल की माली हालत अच्छी नहीं है। ऊपर से एक दिव्यांग पुत्र भी है उसका भी लालन-पालन करना है। इस बात की जानकारी समिति को लगी तो समिति के लोगों ने इन्हें आर्थिक सहयोग करने के लिए एक छोटा सा दुकान समिति के सहयोग से खुलवाया गया है ताकि महिला को रोजगार से जोड़ा जा सके और आगे उनकी आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे मजबूत हो। मौके पर ऋतु अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, संगीता जलान, राखी चौधरी, मीणा अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, श्वेता खंडेलवाल, दीपा अग्रवाल आदि उपस्थित थीं।

### बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के खिलाफ लोगों में भड़का आक्रोश



**धनबाद :** कोयलांचल में बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर लोगों में काफी आक्रोश बना हुआ है। बिजली विभाग की लचर व्यवस्था से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से चरमरा गई है। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसको लेकर जामाडोबा 2 और 3 नंबर के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। गौरतलब है कि विगत सप्ताह से मौसम का मिजाज बदला है और दिन-प्रतिदिन उमस वाली गर्मी बढ़ रही है। दिन के साथ साथ रात्रि में भी उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। भीषण गर्मी के साथ-साथ क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या ने लोगों की परेशाना और बढ़ा दी है। स्थिति यह है कि क्षेत्र में 16 से 18 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। इस अनियमित बिजली कटौती से हर वर्ग हलकान है। लोग इस उमस भरी गर्मी और बिजली कटौती के कारण रतजगा करने को विवश हैं। बिजली नहीं रहने के कारण छात्र, महिलाएं व्यवसायी हर वर्ग परेशान हैं। स्थानीय पौरस कुमार हरि, जसप्रीत सिंह और आकांक्षा कुमारी ने कहा कि जब भी पढ़ने के लिए सोचते हैं कि तभी बिजली कट जाती है। कुछ भी तकनीकी खराबी के कारण 18 घंटे बिजली काट दिया जाता है। कोयले की राजधानी धनबाद से न सिर्फ भारत के सभी राज्य बल्कि कई अन्य देश भी रोशन हो रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य है कि पूरे देश को रोशन करने वाले कोयलांचल में अंधेरा पसरा है। कोयलांचल में प्रचंड गर्मी से लोग ऐसे ही परेशान है और ऐसे में बिजली की घोर कटौती डीवीसी और झारखंड की घोर लापरवाही को दशार्ता है। जल्द ही सुधार नही हुआ तो बिजली विभाग खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

### हरी झंडी दिखाकर मादक पदार्थों की रोकथाम को ले डीसी ने जागरूकता वैन को किया रवाना



**बोकारो :** 19जून से 26 जून तक मादक पदार्थों के दुरूपयोग पर रोक को लेकर राज्यस्तरीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले में भी जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त विजया जाधव, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहा कि राज्य सरकार मादक पदार्थों के रोकथाम को लेकर पूर्णत: संकल्पित है। यह तभी संभव हो सकता है, जब आम जन भी इसे आत्मसात करें। आमजनों के बीच जागरूकता को लेकर राज्य सरकार ने 19 जून से 26 जून 2024 तक जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में आज तीन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण कर आमजनों को मादक पदार्थों को छोड़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने आम जनों को हम सब का एक ही नारा नशा मुक्त जीवन हो हमारा...की बात कहीं, सबों को नशा मुक्त जीवन जीने का अपील किया। उपायुक्त ने कहा कि जन जागरूकता को लेकर समाज कल्याण, शिक्षा, जेएसएलपीएस, जिला पंचायती राज, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा समन्वय के माध्यम से प्रतिदिन जिले के सभी प्रखंडों में जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा। इस दौरान ग्राम स्तर पर चौपाल आयोजित करने, जिला व प्रखंड स्तर पर कार्यशाला, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जिसमें बाजार-हाट आदि में नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम सहित विद्यालय स्तर पर क्विज व निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रभात फेरी आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

### तेनुघाट डैम में डूबे युवक को तलाशने में जुटी गोताखोरों की टीम

**बोकारो :** दोस्तों के साथ नहाने आए एक युवक के डूब जाने की सूचना प्राप्त हुई है घटना बोकारो जिले के तेनुघाट डैम के एस्पेल-वे की है डूबे युवक को तलाशने में गौतखोरो की टीम लगातार एड़ी चोटी एक किए है, बावजूद इसके अबतक डूबे युवक का पता नहीं चल पा रहा है। युवक की तलाश अब भी जारी है। बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के बेलदार टोला रहिवासी लगभग 17 वर्षीय आजम अंसारी तेनुघाट एस्पेल-वे के नीचे नहाने के क्रम में डूब गया था। इसके बाद युवक के साथ नहाने आये उसके साथी इसकी सूचना युवक के घर पर दी। नहाने आये उसके सात साथी थे। बताया जाता है कि इस बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार ने खेतको के गोताखोरों को खबर कर बुलाया। मालूम हो कि 6 स्थानिय गोताखोरो द्वारा डूबे युवक को खोजने के लिए प्रशासन के द्वारा लगाया गया है। बताया जाता है कि डूबे युवक के साथी ने भी उसके साथ उपर से छलांग लगाया था। बताया जाता है कि घटना के समय डैम का 6 फाटक खुला हुआ था। हालांकि डैम का पानी लेवल कम होने की वजह से पानी डैम से बहुत ज्यादा नही निकल रहा था। बताते मां की पहली बरसी पर आया हुआ था घर अपनी मां लेलुन निशा की करीब एक सप्ताह पहले पहली बरसी पर मो आजम घर आया हुआ था। इसके बाद बकरीद का पर्व को लेकर भी रूक गया था। वह रांची स्थित मदरसा में तालिम पूरी कर चुका था।

# भारतीय रिजर्व बैंक को अब ब्याज दरों में कटौती के बारे में गम्भीरता से विचार करना चाहिए



प्रहलाद सबनानी

**मुद्रा स्फीति की दर भारत में लगभग नियंत्रण में है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी करने पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिए।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार 8वीं बार रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर ही जारी रखा है। हालांकि, हाल ही में, जून 2024 के प्रथम सप्ताह में सम्पन्न हुई मोनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक में दो सदस्यों ने रेपो दर को 25 आधार अंको से घटाकर 6.25 प्रतिशत पर नीचे लाने की सिफारिश की थी। अभी तक मोनेटरी पॉलिसी कमेटी द्वारा लिए गए 48 निर्णयों में से 32 निर्णय सर्वसम्मत आधार पर लिए गए हैं और केवल 16 निर्णयों की स्थिति में ही कुछ सदस्यों द्वारा अपनी अलग राय रखी गई है। और, इस बार भी दो सदस्यों की राय अन्य सदस्यों की राय से कुछ भिन्न रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में मुद्रा स्फीति के सम्बंध में भी अपनी राय प्रकट की है और इसके अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुद्रा स्फीति की दर 4.5 प्रतिशत पर बनी रहेगी और इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में मुद्रा स्फीति की दर 4.9 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 4.6 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर में खाद्य पदार्थ सामग्री का विशेष योगदान रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि, बाजार में खाद्य पदार्थ सामग्री की कीमतें यदि बढ़ती हैं तो इसे ब्याज दर बढ़ाकर अथवा घटाकर प्रभावित नहीं किया जा सकता है क्योंकि खाद्य पदार्थों की कीमतें बाजार में मांग एवं आपूर्ति के आधार पर ही निर्धारित होती हैं। जैसे, सब्जी एवं फलों की आपूर्ति यदि बाजार में कम है और मांग अधिक है तो इन वस्तुओं की कीमतें बाजार में आसमान छूती नजर आती हैं और इन वस्तुओं की बाजार में यदि आपूर्ति बढ़ जाए तो इनकी कीमतें भी कम होने लगती है। अतः ब्याज दरों में वृद्धि अथवा कमी का इन वस्तुओं की कीमतों पर प्रभाव नगण्य सा ही रहता है। कुल मिलाकर, खाद्य पदार्थों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर ही इन वस्तुओं की मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। और फिर, भारत में मुद्रा स्फीति की दर भी 4.5 प्रतिशत के आसपास ही बनी रही है जो मोनेटरी पॉलिसी में वर्णित 2.5 प्रतिशत से 6.5 प्रतिशत के बीच की सीमा के अंदर ही है। बैंक आफ कनाडा, स्विस बैंक एवं स्वीडिश रिस्कबैंक ने भी पूर्व में ही अपने अपने देशों की ब्याज दरों में कमी करने की सिफारिश की है। अतः क्या अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी रेपो दर में कमी करने के बारे में विचार नहीं किया जाना चाहिए।




भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी संभवतः अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा फेड दर में कमी को घोषणा के बाद की जाय, क्योंकि यदि भारत रेपो दर में कमी की घोषणा करता है एवं फेडरल रिजर्व फेड दर में कमी नहीं करता है तो इससे अमेरिकी डॉलर के रूप में पूंजी का भारत से पलायन हो सकता है। परंतु, हाल ही के समय में भारतीय अर्थव्यवस्था अपने आंतरिक मजबूती के चलते ही अपने आर्थिक विकास को गति देने में सफल रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था, अन्य देशों के आर्थिक क्षेत्र में हो रहे विभिन्न परिवर्तनों के बावजूद वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने आर्थिक विकास की दर को 8 प्रतिशत से अधिक रखने में सफल रही है। यदि भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में कमी करता है तो इससे भारत में उद्योग, कृषि एवं सेवा क्षेत्र को वित्त/पूंजी की उपलब्धता कम ब्याज दरों पर होने लगेगी, इससे इन क्षेत्रों में कार्य कर रही इकाईयों की उत्पादन लागत कम होगी एवं इनकी लाभप्रदता में सुधार होगा। जिससे अंततः इन इकाईयों के विस्तार में आसानी होगी। देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होनें लगेंगे। और फिर, अभी तो भारत के पास 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार भी उपलब्ध है, यदि ब्याज दर कम करने से कुछ विदेशी पूंजी पलायन भारत से अन्य देशों के ओर होता भी है तो (हालांकि इसकी सम्भावना बहुत ही कम है क्योंकि भारत में विदेशी निवेश एवं विदेशी मुद्रा का आंतरिक प्रेषण भी भारी मात्रा में होता दिखाई दे रहा है) यह विदेशी मुद्रा भंडार भारत के आड़े वक्त में काम आएगा।

भारत में हाल ही के समय में विभिन्न बैंकों के ऋण में वृद्धि दर 15 से 20 प्रतिशत के बीच बनी हुई है जबकि जमाराशि में वृद्धि दर 10-12 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। आज भारत के कई बैंकों का वार्षिक ऋणःजमा अनुपात 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। इससे विभिन्न बैंकों की तरलता पर दबाव बनता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक को विभिन्न बैंकों की तरलता सम्बंधित समस्याओं को हल करने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पड़ेगी। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने इस संदर्भ में कई प्रयास करना शुरू भी कर दिए हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। पहिले यह अनुमान 7 प्रतिशत का लगाया गया था परंतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 8.20 प्रतिशत की वृद्धि दर को देखते हुए इसमें 20 आधार अंको की वृद्धि की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.3 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 7.3 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इस वर्ष मानसून भी सामान्य से कुछ अधिक ही रहने की सम्भावना है एवं भारत में ह्यअल नीनोह्ल के स्थान पर ह्यला नीनाह्ल का असर होने की प्रबल सम्भावना व्यक्त की गई है। अल नीनो के प्रभाव से सामान्यतः मानसून कमजोर हो जाता है एवं ला नीना के प्रभाव से मानसून मजबूत रहने की सम्भावना बढ़ जाती है। भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी मानसून की बारिश पर ही टिका हुआ है, अतः मानसून के दौरान ला नीना के प्रभाव को कृषि क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा माना जा रहा है। दूसरे, भारत की अर्थव्यवस्था में मंदिर की अर्थव्यवस्था एवं धार्मिक पर्यटन का सकारात्मक प्रभाव वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी जारी रहेगा। इस मुख्य कारण के चलते, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यदि यह प्रभाव भी वर्ष 2024-25 के दौरान इसी स्तर पर बना रहता है तो बहुत सम्भव है कि इस वर्ष के दौरान भी भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर हासिल की जा सके। तीसरे, इस वर्ष अच्छे मानसून के चलते ग्रामीण इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग में भी वृद्धि होगी और यह कृषि क्षेत्र के साथ ही उद्योग एवं सेवा क्षेत्र को भी गति देने का काम करेगा, और इससे निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ने की भी प्रबल सम्भावना रहेगी और अंततः विकास दर 7.2 प्रतिशत के स्थान पर 8 प्रतिशत की रह सकती है।

अतः कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि अब चूंकि मुद्रा स्फीति की दर भारत में लगभग नियंत्रण में है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी करने पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिए।

## संपादकीय

# रूस यूक्रेन युद्ध की शांति की राहें

रूस यूक्रेन युद्ध की समाप्ति का रास्ता तलाशने के उद्देश्य से इस सप्ताह के अंत में स्विट्जरलैंड में एक शांति शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें करीब 90 देशों ने हिस्सा लिया। विश्लेषकों का मानना है कि दो वर्षों के बाद युद्ध विराम को लेकर आयोजित इस शांति शिखर सम्मेलन का उद्देश्य यथार्थपरक है, लेकिन यह आकलन वास्तविकता से कई अर्थों में भिन्न है। सम्मेलन में करीब 100 प्रतिनिधिमंडल आये थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देशों से थे और ये सभी रूस विरोधी थे। यह शिखर सम्मेलन युद्ध विराम और शांति स्थापित करने के उद्देश्य से कोसों दूर इसलिए भी रहा है इसमें रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया। रूस सबसे महत्त्वपूर्ण हितधारक है और जब तक रूस और यूक्रेन वार्ता की मेज पर एक साथ नहीं बैठेंगे तब तक शांति का कोई परिणाम ही सामने नहीं आएगा। इस शांति शिखर सम्मेलन से ठीक पहले जी-7 देशों के सम्मेलन में दुश्मन देश रूस की जब्त 4177 अरब रुपए की संपत्ति यूक्रेने को देने की घोषणा की गई है। यूक्रेन को एक तरफ नाटो देश हथियार दे रहे हैं और दूसरी ओर अमेरिका लगातार फंड दे रहा है। अमेरिका बार-बार कह रहा है कि यूक्रेन को इस तरह की मदद लगातार मिलती रहेगी। अब अगर जी-7 देशों की घोषणा के मुताबिक रूस की जब्त संपत्ति यूक्रेन को दी गई तो एक नया मोर्चा खुल जाएगा। यह दो दिवसीय शांति सम्मेलन था। अंतिम दिन यानी रविवार को एक साझा बयान जारी किया गया जिसमें यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने की शर्त को मुख्य आधार बनाया गया है। भारत सहित 12 देशों ने इस शर्त को नामंजूर करते हुए साझा बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इन देशों का मानना है कि इस शर्त से टकराव की स्थिति बनी रहने की आशंका है। भारत ने सार्वजनिक रूप से कभी भी रूस को आक्रामक देश नहीं कहा है जैसा कि पश्चिमी देश मानते हैं। पिछले दिनों एक जनमत सर्वेक्षण में यह बात सामने आई थी कि यूक्रेन की एक बड़ी आबादी का विजय के संदर्भ में निराशावादी रुख है। वे सीमित युद्ध परिणामों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। यह भी सत्य है कि दो साल से जारी इस भीषण युद्ध के बाद भी जेलेंस्की और पुतिन दोनों के लिए विजय मृगतृष्णा बनी हुई है। युद्ध विराम और शांति स्थापित करने के लिए पश्चिमी देशों को स्वप्नद्रष्टा होने की बजाय जमीनी हकीकत को समझना होगा।

नाइट्रस ऑक्साइड़ उत्सर्जन/अली खान

# कटौती करने में ही भलाई

हालिया एक अध्ययन में बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि दुनियाभर में नाइट्रस ऑक्साइड का उत्सर्जन बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। इस अध्ययन से जुड़े वैज्ञानिकों का मानना है कि जिस स्तर पर नाइट्रस ऑक्साइड का उत्सर्जन बढ़ा है, उससे ग्लोबल वॉर्मिंग कम करने के लिए तय किए गए लक्ष्य भी खतरे में हैं। बता दें कि 1980 से 2020 के बीच नाइट्रस ऑक्साइड के उपयोग में 40 फीसद की वृद्धि हुई है।

दरअसल, 15 देशों के 55 संगठनों के 58 शोधकताओं की एक टीम द्वारा ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट की नई रिपोर्ट से यह पता चला है कि चीन, भारत और अमेरिका शीर्ष 10 उत्सर्जकों में शामिल हैं। इस बीच आम-आदमी के मस्तिष्क में इस सवाल का कौंधना स्वाभाविक है कि आखिर नाइट्रस ऑक्साइड का उत्सर्जन इतनी तेजी से क्यों बढ़ रहा है? कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन के अलावा तीसरी प्रमुख ग्रीनहाउस गैस है, जो इंसानी गतिविधियों से पैदा होती है। इस गैस के उत्सर्जन में सबसे बड़ी भूमिका कृषि क्षेत्र की है। इसके बाद जीवाश्म इ्रधन, कूड़ा, गंदा पानी और बायोमास जलाने जैसे स्रोत हैं। यह फसल पर रासायनिक उर्वरकों व पशु अपशिष्ट के उपयोग से उत्सर्जित होती है। जलवायु वैज्ञानिकों ने माना है कि नाइट्रस ऑक्साइड में वृद्धि का कारण नाइट्रोजन आधारित उर्वरक है, जो मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीवों को सामान्य से अधिक तेज गति से नाइट्रोजन को नाइट्रस ऑक्साइड में परिवर्तित करने के लिए उत्तेजित करता है। अतिरिक्त नाइट्रोजन के प्रयोग से मिट्टी, पानी और वायु प्रदूषण होता है और ओजोन परत भी नष्ट होती है। जो कि हमारी चिंताओं को बढ़ाने वाला है। नाइट्रस ऑक्साइड पृथ्वी के वातावरण को कार्बन डाईऑक्साइड से 300 गुना ज्यादा गर्म करती है और एक बार वातावरण में पहुंचने पर यह एक सदी से भी ज्यादा समय तक मौजूद रह सकती है। नाइट्रस ऑक्साइड के उत्सर्जन पर अंकुश लगाने के लिए वैश्विक स्तर पर निगरानी तंत्र को विकसित किए जाने की आवश्यकता है। नाइट्रस ऑक्साइड के उत्सर्जन में कटौती के लिए वैश्विक रणनीति बनाए जाने की आवश्यकता है।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का वास्तविक महत्व

विवेक अत्रे

यद्यपि "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" समारोह वैश्विक कैलेंडर का एक अभिन्न अंग बन गया है–विशेष रूप से भारत में–तथापि इसका वास्तविक महत्व हमारी आत्माओं में निहित है।

"योग" का सहज अर्थ है "ईश्वर के साथ मिलन" अर्थात वह सच्चा मिलन है जो सभी आत्माएं स्वाभाविक ढंग से खोज रही हैं। सम्पूर्ण विश्व के अधिकांश लोगों ने "योग" के बारे में सुना है, परन्तु उनमें से अधिकांश लोग अभी भी योग को शारीरिक व्यायाम या योगासन, अर्थात हठयोग, के रूप में ही जानते हैं। परन्तु वस्तुतः योग और भी बहुत कुछ है जिसे समझने और अभ्यास करने की आवश्यकता है!




प्रसिद्ध आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ "योगी कथामृत" के लेखक श्री श्री परमहंस योगानन्द एक अग्रणी भारतीय गुरु थे, जिन्होंने योग के सही अर्थ के बारे में सत्य की खोज करने वालों को शिक्षा प्रदान करने के लिए पश्चिमी जगत की यात्रा की। जो लोग जीवन का सच्चे अर्थ खोज रहे हैं, उन सभी व्यक्तियों के लिए "कार्य योजना" के एक अभिन्न अंग के रूप में परमहंसजी द्वारा ध्यान के अभ्यास पर बल देना सामयिक के साथ-साथ कालातीत भी था। योगानन्दजी ने जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य, आत्म-साक्षात्कार अर्थात ईश्वर के साथ एकता, की प्राप्ति के लिए आध्यात्मिक प्रयास को एकमात्र उपाय बताया। और स्वयं उनके गुरु, स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि की यह प्रसिद्ध उक्ति है, "यदि आप अभी आध्यात्मिक प्रयास कर रहे हैं तो भविष्य में सब कुछ सुधर जाएगा!"

योगानन्दजी द्वारा उनकी पुस्तक "योगी कथामृत" में वर्णित परम सत्य की प्राप्ति की दिशा में प्रगति करने के लिए ईश्वर के प्रत्येक भक्त को चरणबद्ध वैज्ञानिक प्रविधि का अभ्यास करना आवश्यक है।

क्रियायोग योग का उच्चतम स्वरूप है। योगानन्दजी ने ईश्वर-सम्पर्क की प्राप्ति के लिए मानव जाति को ज्ञात सर्वाधिक महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में इसी विशिष्ट वैज्ञानिक मार्ग का अनुसरण करने पर बल दिया है। क्रियायोग में कुछ विशिष्ट वैज्ञानिक प्रविधियों का समावेश है, जो अभ्यासकर्ता को न केवल अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने में सक्षम बनाती हैं, अपितु इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि यह "योगी" को अन्ततः सच्ची शान्ति और आनन्द प्राप्त करने में भी सक्षम बनाती है, जो हमारे अन्त में ईश्वर की विद्यमानता का स्पष्ट संकेत हैं।

योगानन्दजी ने अपने पौर्वात्य और पाश्चात्य अनुयायियों को यह बताया कि प्रत्येक व्यक्ति क्रियायोग मार्ग का अभ्यास कर सकता है और यह मार्ग निश्चित रूप से अस्तित्व के उच्चतम जगतों का एक प्रवेशद्वार है। उन्होंने कुछ प्रारम्भिक प्रविधियों के साथ-साथ "आदर्श-जीवन" दर्शन के बारे में भी विस्तार से बताया है जो क्रियायोग ध्यान के उच्चतम द्वार की ओर ले जाने वाले के लिए आवश्यक उपाय हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने भी श्रीमद्भगवद्गीता में दो बार क्रियायोग का अत्यंत सुन्दर शब्दों में उल्लेख किया है। लाखों लोग क्रियायोग को उसकी सभी अभिव्यक्तियों के साथ अपनी जीवनशैली के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित हुए हैं। तथापि, जैसा कि स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरिजी के गुरु लाहिड़ी महाशय ने बल दिया था, क्रियायोग का वास्तविक लाभ इसके सच्चे अभ्यास में निहित है। हमारे अस्तित्व के उच्चतर स्तरों का स्वर्णिम प्रवेशद्वार क्रियायोग प्रविधि के सार्थक और नियमित अभ्यास के द्वारा संचालित होता है।

योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) योगानन्दजी द्वारा सन 1917 में स्थापित एक आध्यात्मिक संस्था है। वाईएसएस द्वारा योगानन्दजी की विशाल शिक्षाओं की गहन अन्तर्दृष्टि का प्रसार पुस्तकों, मुद्रित पाठमाला और अन्य माध्यमों से जारी है। हाल के दशकों में भारत और सम्पूर्ण विश्व में क्रियायोग मार्ग का अनुसरण करने वाले भक्तों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है।

जैसा कि हाल ही में वाईएसएस के रांची आश्रम में आयोजित 'साधना संगम' में एक युवा भक्त ने कहा, 'योगानन्दजी की शिक्षाओं और क्रियायोग मार्ग की खोज से मेरा जीवन परिवर्तित हो गया है।'

# मुद्दा : पाठ्य पुस्तकों में सकारात्मक बदलाव



प्रमोद भार्गव



राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रषिक्षण परिषद् (NCERT) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले पाठों में बदलाव की शुरूआत साकारात्मक नजरिए से हो गई है। अब 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति 2002, गुजरात दंगों से जुड़े पाठ को हटा दिया है। इसकी जगह 'राम जन्मभूमि आंदोलन की विरासत क्या है' इस पाठ को जोड़ा गया है। इससे पहले इतिहास की पुस्तकों में राखीगढ़ी और आर्यों के मूल स्थान से जुड़े पाठ जोड़े गए हैं।

एनसीआरटी की पुस्तकों में वाकई सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। इसके पहले भारतीय ज्ञान प्रणाली के संदर्भ में महरौली के लौह स्तंभ के बारे में भी बताया गया है। ऋग्वेद में लोहे के आविष्कार के बारे में बताया गया है। इसी क्रम में सोना, तांबा और कांसा धातुओं के अविष्कार किए गए। अतएव ऐसे पाठों को जोड़ना भारतीय विज्ञान की विरासत को छात्रों के सामने लाना है। इसी क्रम में भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं।

21 वर्ष की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद आखिरकार यह तय हो गया कि 'आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय 'राखीगढ़ी मैन' के नाम से प्रसिद्ध हुए प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की किताब में बदलाव किया गया है। इसमें इतिहास की पाठ्य पुस्तक में 'ईंट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता' नामक पाठ में आर्यों को मूल भारतीय होना बताया है। इसके अलावा कक्षा 7, 8, 10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है।

इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है, परंतु अब आर्यों के भारतीय होने के संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विविद्यालय के टॉमस कीवीशील्ड ने किया था। 2003 में 'अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वशांणु (जीन) के आधार पर आर्यों के भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में वाराणसी हिंदू विविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आर्यों को मूल भारतीय बताया था।

2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। इसके आधार पर यह तथ्य स्थापित हुआ कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति आर्यों द्वारा निर्मित है। एनसीआरईटी के इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं। इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। इसी तरह कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। प्रोफेसर शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले हैं।

साथ ही भिन्न आकार व आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष मिले हैं। तय है भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक संरचना के आधार पर हैदराबाद की संस्था 'सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी' के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस शोध से जो निष्कर्ष सामने आए थे, उनसे स्पष्ट हुआ था कि मूल भारतीय ही 'आर्य' थे।

पाश्चात्य इतिहास लेखकों ने पौने दो सौ साल पहले जब प्राच्य विषयों और प्राच्य विद्याओं का अध्ययन शुरू किया तो बड़ी कुटिल चतुराई से जर्मन विद्वान व इतिहासविद् मैक्समूलर ने पहली बार 'आर्य' शब्द को जाति सूचक शब्द से जोड़ दिया। वेदों का संस्कृत से जर्मनी में अनुवाद भी पहली बार मैक्समूलर ने ही किया था। ऐसा इसलिए किया गया जिससे आर्यों को अभारतीय घोषित किया जा सके। जबकि वैदिक युग में 'आर्य' और 'दस्यु' शब्द पूरे मानवीय चरित्र को दो भागों में बांटते थे। प्राचीन साहित्य में भारतीय नारी अपने पति को 'आर्य-पुरुष' अथवा 'आर्य-पुत्र' नाम से संबोधित करती थी। इससे यह साबित होता है कि आर्य श्रेष्ठ पुरुषों का संकेत-सूचक शब्द था। ऋग्वेद, रामायण, महाभारत, पुराण व अन्य संस्कृत ग्रंथों में कहीं भी आर्य शब्द का प्रयोग जातिसूचक शब्द के रूप में नहीं हुआ है। आर्य का अर्थ 'श्रेष्ठि' अथवा 'श्रेष्ठ' भी है। यदि आर्य भारत में बाहर से आए होते तो प्राचीन विपुल संस्कृत साहित्य में अवश्य इस घटना का उल्लेख व स्पष्टीकरण होता।

# फतेहपुर में अवैध तरीके से चल रहा ईंट चिमनी भट्टे का गोरखधंधा

▸ राजमहल एसडीओ ने बरहरवा सीओ को दिया था जांच का आदेश, नहीं हुई कोई कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फतेहपुर में इन दिनों अवैध तरीके से ईंट चिमनी भट्ठा का गोरखधंधा व काला कारोबार धड़ल्ले से जिला प्रशासन की आंख में खुलेआम धुल झोंककर संचालित किया जा रहा है। जहां ईंट भट्ठा संचालक के द्वारा सारे नियम कानून को ताक पर रखकर इसका संचालन किया जा रहा है जिसको देखने वाला कोई भी अधिकारी नही है। वही चिमनी ईट भट्ठा संचालित करने को लेकर वैसे तो कई सख्त नियम बनाए गए हैं जिनमें पर्यावरण की स्वीकृति के साथ साथ झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से परिचालन सहमति प्राप्त किया गया या नहीं यह भी जरूरी है। उधर क्षेत्र में संचालित चिमनी ईंट भट्ठा संचालक द्वारा संबंधित क्षेत्र में किसी भी तरह का कोई भी साइन बोर्ड नही लगाकर इसकी जानकारी दिया ही गया है जिसके कारण ऐसा प्रतीत होता है कि ईंट भट्ठा संचालक द्वारा झारखंड लघु खनिज समानुदान नियमावली 2004 यथा संशोधित के सुसंगत नियमों के अंतर्गत आवेदन व आवेदन शुल्क के साथ उक्त नियमावली के अनुसूची 32 में निर्धारित श्रेणी समेकित स्वामित्व डीएमएफ पर्यावरणीय शुल्क मैनेजमेंट शुल्क और स्वामिस्व पर देय आयकर भुगतान सक्षम दाखिल कर ईंट भट्ठा संचालक द्वारा ईंट भट्ठा स्थापित और संचालित करने के लिए लाइसेंस प्राप्त नहीं किया गया है। साथ ही साथ ईंट भट्ठा संचालक द्वारा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के नियमों के अनुसार उत्पादन सुनिश्चित नहीं कर वास्तविक कुल उत्पादन की जानकारी छुपाने के साथ साथ



ज्यादातर कारोबार नगद लेनदेन तथा भुगतान करने वाले ग्राहकों को भुगतान से संबंधित रसीद नहीं दी जाती है। वही उक्त ईंट भट्ठा संचालक द्वारा ईंट पकाई कार्य में चोरी का कोयला का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है जहाँ यह सभी कोयला पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के नॉर्थ कोल ब्लॉक खनन क्षेत्र से तथा दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के सेंट्रल कोल ब्लॉक खनन क्षेत्र से लोटामारा रेलवे साइडिंग तक कोयला ढुलाई के दौरान डंपर सहित ट्रकों को जबरन रोककर कोयला चोरी किया जाता है। वही चोरी किया हुआ कोयला को चोरों के द्वारा मोटरसाइकिल व साइकिल से उक्त ईंट भट्ठा संचालक के यहां पहुंचाया जाता है जिसे उक्त भट्ठा संचालक द्वारा कोयला खरीद कर अपने ईट भट्ठा में ईट पकाने के लिए उपयोग किया जाता है। कहना यह भी है कि वायु को प्रदूषित करने और ईंट भट्ठा के अगल बगल जमीन की उर्वरा शक्ति को कम करने में चिमनी ईंट भट्ठा संचालक अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं जिससे जमीन प्रदूषित तो कर ही रहे हैं। वहीं रॉयल्टी लाइसेंस शुल्क और जीएसटी का करोड़ों रूपए राजस्व की क्षति भी पहुंचा रहे है। उधर इस मामले को लेकर राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि इस तरह के संचालित ईंट भट्ठा का कोई जानकारी उन्हें नहीं है और ना ही कोई ईंट भट्ठा संचालक द्वारा कोई दस्तावेज कार्यालय में जमा किया गया है। साथ ही साथ बताया कि ऐसे मामले को लेकर संबंधित क्षेत्र के अंचलाधिकारी को भेजकर स्थलीय जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। जहां बरहरवा अंचलाधिकारी के द्वारा इस दिशा में अब तक क्या कुछ कार्यवाही की गई है यह देखने को नहीं मिल रहा है। हालांकि इस संबंध में जब बरहरवा सीओ से बात करते हुए जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि इस मामले में वे मीडिया को कुछ भी जानकारी नहीं दे सकते हैं।

## एक नजर

### आम बागवानी के रखरखाव पर महिला मेट को मिला प्रशिक्षण

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड सभागार में मनरेगा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट के द्वारा महिला मेट का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में आम बागवानी के रखरखाव और देखभाल करने के लिए उपस्थित प्रशिक्षुओं के। द्वारा विशेष रूप से जानकारी दी गई। इस दौरान टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट की महिला कोडिनेटर रूपा बक्शी ने सभी मेट को आम बागवानी सही तरीके से करने के प्रति जागरूक करते हुए इससे होने वाले लाभ के विषय में भी जानकारी दी। ब्लॉक के एई संतोष कुमार ने मनरेगा के जनलाभकारी योजना के विशेषताओं को महिला मेट के समक्ष प्रस्तुत किया। वही पर्यावरण संरक्षण के पार्ट पढ़ाया। इस दौरान कई लोग उपस्थित थे।

### समाज कल्याण विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा

**साहिबगंज:** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिला समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पूरक पोषाहार योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन, टेक होम राशन से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की ।उपायुक्त के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र भवन के समीक्षा के क्रम में विभिन्न प्रखण्डों को दिए गए टारगेट के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि आवंटित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने की दिशा में कार्य पूर्ण करें। प्रधानमंत्री मातृत्व बंदना योजना में उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिए गए सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा योग्य लाभुकों के आवेदन प्राप्त कर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित कराया जाए। सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए गए कि पोषण ट्रैकर में लाभुकों का शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराए जाएं। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पोषण ट्रैकर के माध्यम से रैंडम सर्वेक्षण कराया जाए एवं सर्वेक्षण की सूची मुख्यालय में सौंपी जाए। सीडीपीओ को निर्देश दिया गया कि सेविका जब भी क्षेत्र भ्रमण में जाएं तो जियो टैग फोटो अनिवार्य रूप से लें। वही मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, सीडीपीओ, एलएस एवं समाज कल्याण विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

### तंबाकू नियंत्रण जागरूकता अभियान चलाया गया



**साहिबगंज:** शहर में बुधवार को पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के आदेशानुसार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीपीसी) के तहत साहिबगंज के नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता एवं पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से शहर के स्कूल के 100 मीटर की परिधि के आसपास के दुकानों में गुटका एवं तंबाकू को लेकर जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में 7 दुकानों में गुटका एवं तंबाकू पाया गया। जिसे विधिवत जप्त कर विनिष्ट किया गया,साथ ही दुकानदारों से फाइन वसूला गया है। वहीं पदाधिकारीयो के द्वारा सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि आगे से दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उपायुक्त ने किया सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर पखवाड़ा का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मंडरो प्रखण्ड में स्थित अनुसूचित जनजातीय बालक प्राथमिक विद्यालय, कमरपहाड़ में सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर पखवाड़ा का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में बताया कि आज से 3 दिन तक जिला के सभी प्रखण्डों में सिकल सेल एनीमिया की निःशुल्क जांच कराई जाएगी। यह जांच सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंडल में होगी। यह जांच 0 से 40



वर्ष तक के सभी महिला- पुरुषों के लिए कराई जाएगी। यह अभियान आगामी 3 जुलाई तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है। जब तक खून की जांच नहीं कराई जाए रोग का पता नहीं चलता है। परिवार का कोई सदस्य जिनकी उम्र 0 से 40 वर्ष हो सिकल से जांच अवश्य कराना चाहिए। यह जांच बहुत जरूरी है नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है। परिवार में किसी को भी सिकल सेल एनीमिया हो तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जांच जरुर करवाना चाहिए। वही मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, डॉ रंजन कुमार, डीपीएम हिना वर्णवाल, भीबीडी सलाहकार सती बाबू डाबरा, पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम लीडर अजय केसरी, फेलो दिव्या गुप्ता एवं कोमल गुप्ता और स्वास्थ्य विभाग के कर्मीगण उपस्थित थे।

# नल निर्माण के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल पाया पेयजल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** कोटालपोखर बरहरवा प्रखण्ड अन्तर्गत कोटालपोखर स्थित धोबीटोला में मुखिया निधि द्वारा पेयजल हेतु नल निर्माण का कार्य बीते 2 माह पूर्व किया गया था, जिसकी स्थिति पेयजल मिलने से पहले ही जर्जर दिखाई दे रही है। इस कार्य को करने हेतु बिचौलियों द्वारा भारी अनियमितता बरती गयी जिसमे ना केवल बिचौलिए बल्कि और भी अन्य लोगों की हिस्सेदारी के आसार दिखाई दे रहें है। मुखिया निधि द्वारा नल निर्माण का कार्य उन लोगों द्वारा किया गया जो मनरेगा द्वारा किसी भी कार्य को करने में असमर्थ है फिर भी अच्छी घनिष्टता होने के कारण ये कार्य उन्हीं लोगों द्वारा कराया गया जिनका सामाजिक कार्य से कोई सरोकार नहीं आखिर कब तक इस तरह के कामों का नुकसान ग्रामीणों द्वारा उठाया जाएगा कब तक ग्रामीण सरकार द्वारा मिल रहे योजनाओं से वंचित रहेंगे। मनरेगा द्वारा दिये गये बहुत से कामों में भारी अनियमितता चारो तरफ देखने को मिल रही है। अगर समय रहते योजनाओं में हो रहे घोटाले की जाँच कर कोई उचित कार्यवाही नहीं की गयी तो इसी तरह ग्रामीणों को पेयजल के नाम पर सिर्फ घर के सामने नल दिखाई देंगे जिसमे पानी ही नहीं आता हो।

# आजसू कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव के लिए रहें तैयार : रामचंद्र सहिस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के माचा स्थित गायत्री आश्रम में आजसू पार्टी पटमदा प्रखंड कमिटी के आवाहन में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 22 जून को आजसू पार्टी का स्थापना दिवस मनाने और सभी कार्यकतोओं को अपने अपने घरों में आजसू पार्टी का झंडा लगाने का संकल्प दिलाया और 30 जून को हुल दिवस पर शहीदों के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय समिति द्वारा घोषित आगामी कार्यकर्मों (आजसू स्थापना दिवस, हूल दिवस, विश्व आदिवासी दिवस, शहीद निर्मल महतो शहादत दिवस आदि ) को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार कर प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में आजसू पार्टी जिला सचिव मनोहर महतो, रामकृष्ण महतो, अजीत महतो, अनाथ बंधु कुंभकार, श्रीमंत मिश्रा, खगेन महतो, कराली महतो,खगेन सिंह, शशि भूषण सिंह,प्रदीप महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ईचागढ़ में पेड़ से लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुकड़ू :** ईचागढ़ थाना अंतर्गत गौरांगकोच गांव के समीप 35 वर्षीय व्यक्ति ने पेड़ पर फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। पेड़ पर लटकता शव की पहचान नदीसाई पंचायत के नदीसाई गांव स्थित टोला रांगाडीह के अनादि हांसदा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह स्थानिय पुलिस को जानकारी मिली की उपरोक्त गांव के समीप पलास के पेड़ से एक युवक का शव लटक रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतारा। जिसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरा करते हुए युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना स्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मी एस.आई महती सिंकु ने बताया कि मृतक अनादि हांसदा चार दिन पूर्व



गौरांगकोचा स्थित अपने सुसराल आया हुआ था। मंगलवार की रात वह सोच करने के बहाने घर से निकला लेकिन वापस वह घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा रात भर खोजबीन किए जाने के बाद भी कोई पता नहीं चला, बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों द्वारा पेड़ से लटका शव मिलने की जानकारी मृतक के परिजनों और ईचागढ़ पुलिस को दी गई। घटनास्थल पहुंच कर पुलिस मौत के कारण का पता लगाने में जुटी है। प्रथम दृष्टांत इसे आत्मा हत्या का मामला बताया जा रहा है। वहीं गौरंगकोचा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अमृत उरांव ने जानकारी दिया की मृतक का माता-पिता पहले ही गुजर चुका है अभी केवल दो पत्नी है और जिनमें से दूसरी पत्नी की एक चार वर्षीय पुत्री है और वह गर्भवती भी है। पारिवारिक विवादों के कारण वह हमेसा तनाव में रहता था। अंदेशा जताया जा रहा है कि घरेलू विवादों के कारण ही मृतक ने पेड़ से लटक कर खुदकुशी कर ली। आगे पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# विधायक सविता महतो के प्रयास से तीन मध्य विद्यालय बने हाई स्कूल, नामांकन शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** ईचागढ़ की लोकप्रिय विधायक सविता महतो के अथक प्रयास से ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल प्रखंड के मध्य विद्यालय उरमाल, मध्य विद्यालय आसनबनी एवं कुकडू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौड़ा (कन्या) को हाई स्कूल का दर्जा मिला है। इन तीनों हाई स्कूल मे इसी सत्र से नामांकन शुरू हो गया है। नामांकन लेने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पत्र भी जारी किया है और तीनों हाई स्कूलों के प्रधानाध्यापकों कों नामांकन लेंने को कहा है। मालूम हो की इन तीनों विद्यालय कों हाई स्कूल बनाने कों लेकर ग्रामीणों ने कई बार लिखित तौर पर विधायक से आग्रह किया था। इसके बाद ईचागढ़ की लोकप्रिय विधायक श्रीमती सविता महतो हाई स्कूल का दर्जा दिलाने कों लेकर प्रयासरत थी। विधायक सविता महतो ने इस संबंध मे तत्कालीन शिक्षा मंत्री दिवंगत स्व. जगरनाथ महतो से भी कई बार मिलकर फाइल कों आगे बढ़ाने का काम किया था। वहीं तत्कालीन शिक्षा मंत्री के निधन के बाद भी लगातार प्रयासरत थी और इस मुद्दे कों विधानसभा के पटल पर भी रखी थी। जहां विधायक के द्वारा विधानसभा मे सवाल उठाने के बाद सरकार ने जल्द ही कागजी प्रकिया पूरी करने के बाद इन स्कूलों कों हाई स्कूल कों दर्जा देना का भरोसा दिया था। इन तीनों



स्कूलो मे से कुकडू प्रखंड क्षेत्र के चौड़ा स्कूल को हाई स्कूल बनाये जाने कों लेकर कई बार वहां के स्थानीय लोग ईचागढ़ की विधायक सविता महतो से मिले थे और चौड़ा गांव में संचालित हाई स्कूल को पुनः चालू किये जाने का मांग किया था। मालूम हो कि मध्य विद्यालय चौड़ा को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री दिवंगत स्व. सुधीर महतो के कार्यकाल के दौरान ही हाई स्कूल का दर्जा मिला था। लेकिन लगातार चार बार मैट्रिक की परीक्षा होने के बाद तत्कालीन रघुवर दास की भाजपा सरकार ने वर्ष 2018 में चौड़ा हाई स्कूल को तिरुलडीह हाई स्कूल में शिप्ट कर दिया गया था। जो कि चौड़ा से 06 किलोमीटर दूर है। जिसके कारण चौड़ा गांव के छात्रों को आठवी तक पढ़ाई करने के बाद शिक्षा छोड़ना पढ़ रहा था। वहीं ग्रामीणों के मांग को गंभीरता पूर्वक लेते विधायक सविता महतो वर्ष 2020 से ही चौड़ा स्कूल कों पुनः हाई का दर्जा दिलाने कों लेकर प्रयासरत थी। इधर राज्य सरकार के द्वारा चौड़ा हाई स्कूल के संचालन से संबंधित पत्र जारी होने के बाद भी नामांकन शुरू नहीं हुआ था। जहां इसे लेकर विधायक सविता महतो 18 जून 2024 कों सरायकेला जिला के उपायुक्त से मिलकर नामांकन से संबंधित आदेश जारी करने का आग्रह किया था। जहां इसके बाद उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कों आदेश पत्र जारी करने का निर्देश दिया था। जहां उसी दिन जिला शिक्षा अधिकारी ने तीनों नव उत्क्रमित हाई स्कूलों के प्रधानाध्यापक कों नामांकन लेने से संबंधित आदेश जारी किया है। इधर आदेश जारी होने के बाद नवमी कक्षा मे नामांकन भी शुरू हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### आजसू नेता की पहल से मृतक के परिजनों को मिला आठ लाख रुपये का मुआवजा



**चांडिल:** चांडिल प्रखंड के चिलगु स्थित आजसू पार्टी के ईचागढ़ विधानसभा प्रधान कार्यालय में बुधवार को नीमडीह के कामाडुलू के मृतक सुकेन चन्द्र महतो के परिजनों को मुआवजा राशि सौंपा गया। मृतक सुकेन चन्द्र महतो चांडिल के पसारी कास्टिंग एंड रोलिंग मिल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मजदूर था। बुधवार को आजसू केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो की उपस्थिति में कंपनी प्रबंधन और मृतक मजदूर सुकेन चन्द्र महतो के परिजनों तथा कामाडुलू गांव के ग्रामीणों के बीच मुआवजा को लेकर वार्ता हुई, जिसमें कंपनी की ओर से मृतक के परिजनों को आठ लाख रुपये मुआवजा भुगतान करने पर सहमति बनी। वार्ता सफल होने के बाद आजसू नेता हरेलाल महतो की उपस्थिति में कंपनी के प्रबंधक शैलेस कुमार अम्बष्ठ ने मृतक के पिता के हाथों तत्काल दो लाख रुपये नकद राशि सौंपा। वहीं, मृतक सुकेन चन्द्र महतो के बेटी और बेटा के नाम पर तीन - तीन लाख रुपये की राशि बैंक खाते में हस्तांतरण करने की सहमति बनी। इस मौके पर आजसू नीमडीह प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर सिंह सरदार, रवि महतो, सत्यवान माहली, मिथुन पांडे, मृतक के पिता सनातन महतो, मृतक के भाई शंभु नाथ महतो आदि मौजूद थे। बता दें कि 24 दिसंबर 2023 की रात को चांडिल के गांगुडीह स्थित पसारी कास्टिंग एंड रोलिंग मील प्राइवेट लिमिटेड में काम करने के दौरान सुकेन चन्द्र महतो गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद करीब छह महीने तक विभिन्न अस्पतालों में उसका इलाज हुआ। लेकिन अंततः 18 जून की शाम को इलाज के दौरान आदित्यपुर स्थित ईएसआई अस्पताल में उसकी मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने उसका पोस्टमार्टम करवाया। वहीं, मुआवजा की मांग लेकर आजसू नेता हरेलाल महतो से सहयोग मांगा था। जिसपर हरेलाल महतो ने पहल करते हुए कंपनी प्रबंधन से मुआवजा देने की मांग रखी थी।

### प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन



**तालझारी:** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत संत जॉन फुटबॉल मैदान में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा एवं जिला शिक्षा परियोजना साहिबगंज के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को 63वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंतरराष्ट्रीय खेल का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन तालझारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखु हेंब्रम ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल खेल से भी लोग बहुत आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त होता है और खेल से मन शरीर सब स्वस्थ रहता है। खेल में विभिन्न विद्यालय की टीम ने भाग लीया। बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग के अंडर 15 वर्ष के बच्चों द्वारा मैच खेला गया। जिसमें बहुत ही रोमांचक मैच में अंततः बालक वर्ग में युएचएस मसकलैया बनाम प्लस टू बी इंटर विद्यालय सकरीगली के बीच फाइनल हुआ। जिसमें प्लस टू बी इंटर विद्यालय सकरीगली 02 से विजई हुए। साथ ही अंडर 17 वर्ष के बालक वर्ग में युएचएस कन्या तालझारी बनाम युएचएस बडा.तालबोना के बीच खेला गया। जिसमें फाइनल युएचएस कन्या तालझारी विद्यालय 03 से विजेता हुए। वहीं बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय तालझारी को वांकओवर से विजय घोषित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में राजेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, राजा राम महतो, मनोज कुमार, गोस्वामी कुमार, तबिता मुर्मू एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### टंकी बनाने में अनियमितता की शिकायत



**बोरियो:** मुख्यालय के अंतर्गत जेटके पंचायत में वैसे कई ग्रामीण क्षेत्र है जो सुदूर क्षेत्र इलाके सेवा विलंब करते हैं। वैसे ही एक गांव जहां जेटके पंचायत के अंतर्गत ही आता है गांव का नाम बरूघुटु है उस गांव में नवनिर्मित पेयजल टंकी का निर्माण किया जा रहा है लेकिन जब दैनिक अखबार के टीम निकल पड़ी जांच पड़ताल करने के लिए तो धरातल पर काम तो हुआ है लेकिन काम पर लापरवाही बरती गई है। आपको हम बताते चले इस पेयजल टंकी जब बन रही है लाखों खर्च कर लोगों तक शुद्ध पेयजल सुदूर क्षेत्र ग्रामीण के लोगों को मिल सके लेकिन यहां की बिचोलिया एवं एजेंसी मिलकर टंकी बनाने में अनियमितता बरती जा रही है। जब टंकी की ढलाई 8एमएम छड़ से किया जा रहा है। जब मिस्त्री से बातचीत करने पर मिस्त्री ने बताया हम लोगों ने जब काम शुरू किया तब से ही यही 8एमएम का छड़ एजेंसी द्वारा दिया जा रहा है और हम लोग कर भी क्या सकते हैं मिस्त्री का कहना भी एक तरफ से सही है। यहां के इंजीनियर एवं वरीय पदाधिकारी को कानों का खबर नहीं मिलता इस साइड में कैसे काम हो रहा है या सरकार का योजना को किस तरह से दुरुपयोग कर एजेंसी अपना पैकेट गरम करने में लगे हुए हैं। यहां के ग्रामीणों का यही कहना है कि ना हम लोग के यहां आने-जाने के लिए रोड है ना ही बिजली का सुविधा है ना पेयजल का सुविधा है लेकिन जब पेयजल का सुविधा दिया जा रहा है, वह भी सही ढंग से नहीं बन रहा है। जबकि छत की ढलाई 10एमएम के छड़ से होना चाहिए उसमें 8एमएम का छड़ लगाया जा रहा है हम लोगों का यही कहना है कि कम से कम आजादी की 76 साल हो गए लेकिन आज तक हम लोग ना ही पक्का रोड पर चल पाए हैं ना ही बिजली का रौशनी में रहते हैं, हम लोगों का नसीब में बस साहब यही लिखा है, अंधेरा का जिंदगी जियो क्योंकि हम लोगों को नेता हो या वरीय पदाधिकारी हो सिर्फ हम लोगों को आश्वासन ही देकर चले जाते हैं और आज तक ना ही हम लोगों के गांव में विकास की और कोई काम हुई है। यहां के लोगों को यह भी कहना है आज तक हम लोगों को ना ही प्रधानमंत्री आवास मिला ना ही अबुआ आवास का लाभ मिल पा रहा है।

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण एवं खाद पदार्थ को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया

**तालझारी:** संथाल परगना के जोनल कोऑर्डिनेटर संजय कुमार घोष ने साहिबगंज जिला कोऑर्डिनेटर उतम मंडियां एवं अमित कुमार के साथ तालझारी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न होटलों, मिठाई दुकानों, गुटका पान दुकानों सहित अन्य किराना दुकानों में आवश्यक छापेमारी कर अभियान चलाया। संथाल परगना के जोनल कोऑर्डिनेटर संजय कुमार घोष ने बताया कि तालझारी क्षेत्र में खाद्य पदार्थ बेच रहे कई दुकानों में जांच की गई है। जांच के दौरान दुकानदारों को जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी भी तेल में सामान बनाते हैं तो उसका एक से दो बार ही इस्तेमाल करें। अधिक इस्तेमाल करने से तेल फूड प्वाइजन पर आ जाता है, जिसमें छाने गये पदार्थ को खाने वाला व्यक्ति फूड पॉइजनिंग का शिकार हो जाता है। इसलिए इससे बचाव के लिए इन तेलों का कम मात्रा में ही इस्तेमाल करें। वही गुटखा पान बेचने वाले दुकानदारों को भी हिदायत दी गई है। इस प्रकार की कोई भी सामग्री नहीं बेचने की हिदायत दी गई। यदि बेचते हुए पकड़े जाते हैं, तो फाइन किया जाएगा और आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

# क्या है एफएंडओ ट्रेडिंग.......जिस पर सख्ती करने जा रहा सेबी

## डेरिवेटिव ट्रेडिंग के नियमों में बदलाव की तैयारी

**मुंबई ।**

फ्यूचर एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) ट्रेडिंग यानी वायदा और विकल्प ट्रेडिंग को लेकर सेबी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निवेशकों को सतर्क किया था। लेकिन इसके बावजूद खुदरा निवेशकों की इसमें रुचि बढ़ रही है। लिहाजा, इससे जुड़े खतरों से निपटने के लिए सेबी डेरिवेटिव ट्रेडिंग के नियमों में कई बदलावों करने की तैयारी कर रहा है। डेरिवेटिव एक फॉर्मल वित्तीय कॉन्ट्रैक्ट है, जो निवेशक को भविष्य की तिथि के लिए संपत्ति खरीदने और बेचने की अनुमति देता है। डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट की समाप्ति तिथि पहले से निर्धारित होती है। खुदरा निवेशकों के दम पर इंडेक्स और स्टॉक ऑप्शंस की ट्रेडिंग पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। यह देखकर वित्त मंत्री सीतारमण ने पिछले माह कहा था कि एफएंडओ में रिटेल ट्रेडिंग में उछाल से आगे कई चुनौतियां आ सकती हैं, जो मार्केट के साथ ही निवेशकों के रुझान और परिवारों के वित्तीय स्थिति को लेकर हो सकती है। इसके बाद अब सेबी नए नियमों पर विचार कर रहा है, जिससे खतरे कम रहें। सूत्रों के मुताबिक, सेबी इंडेक्स और स्टॉफ ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स पर खुलासे के लिए भी कह सकता है, जबकि अभी सिर्फ ऑप्शंस एक्टिविटी और ओपन इंट्रेस्ट पर खुलासा होता है। सेबी एक्सचेंजों को टर्नओवर पर चार्ज लगाने की बजाए फ्लैट फीस लेने के लिए भी कह सकता है।

### क्या है एफएंडओ ट्रेडिंग

एफएंडओ ट्रेडिंग का एक ऐसा तरीका है, जिसमें निवेशक को सहूलियत मिलती है कि वह कम पूंजी के साथ किसी स्टॉफ, कमोडिटी, करेंसी में बड़ी पोजिशन ले सकता है। इस तरह की ट्रेडिंग में ज्यादा खतरा होता है। ज्यादातर निवेशक अपना सबकुछ डुबो देते हैं। सेबी की एक स्टडी से पता चला है कि 10 में से 9 खुदरा निवेशकों को एफएंडओ मार्केट में अपने लगाए दांव पर नुकसान होता है।

### आरबीआई भी निगरानी कर रहा

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी एफएंडओ को लेकर सख्ती का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक सेबी के साथ मिलकर एफएंडओ में हाई ट्रेडिंग वॉल्यूम पर नजर रख रहा है। हालांकि इसपर कोई भी कार्रवाई मार्केट रेगुलेटर सेबी द्वारा ही की जाएगी। आरबीआई के पॉलिसी रुख में कब बदलाव होगा, इस लेकर उन्होंने कहा कि ऐसा करना बहुत जल्दबाजी होगा।

# 22 जून को होने वाली बैठक में ऑनलाइन गेमिंग फर्मों को मिल सकती है राहत

### 28 फीसदी टैक्स लगाए जाने पर जारी विवाद का हो सकता है समाधान

**नई दिल्ली।**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 22 जून को होने वाली बैठक में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर 28 फीसदी कर लगाए जाने पर जारी विवाद का इस बैठक में समाधान निकल सकता है। एक जानकार ने बताया कि जीएसटी परिषद केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव पर विचार कर सकती है। इसमें केंद्र और राज्यों को कानून में अस्पष्टता और व्यवसायों द्वारा लगातार सामान्य कार्यप्रणाली के चलते भुगतान नहीं किए जा रहे जीएसटी को माफ करने का अधिकार मिलेगा लेकिन ऐसे व्यवसायों द्वारा अतीत में चुकाया गया कर वापस नहीं किया जाएगा। देखा है कि अगर प्रस्तावित संशोधन को लागू किया जाता है तो ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि उन्हें 70 से ज्यादा नोटिस भेजकर 1.12 लाख करोड़ रुपए की कर मांग की गई है। प्रस्तावित संशोधन की विधि समिति जांच कर रही है कि यह केंद्रीय उत्पाद शुल्क व्यवस्था में अपनाई जाने वाली कार्यप्रणालियों के अनुरूप है और सीमा शुल्क अधिनियम में भी इसका पालन किया जा रहा है। संशोधन लागू होने से ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को एक अक्टूबर, 2023 से पहले के सकल गेमिंग राजस्व पर लगाए गए कर से छूट मिल सकती है, लेकिन किसी कंपनी ने जीएसटी का भुगतान किया है तो उसे रिफंड नहीं किया जाएगा। वर्तमान में जीएसटी कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसके तहत केंद्र और राज्य सरकारें कानून में अस्पष्टता या सामान्य कार्यप्रणाली के कारण जीएसटी भुगतान से छूट दे सकें। नया प्रावधान जोड़ने के लिए विधि समिति ने सीजीएसटी कानून में धारा 11ए शामिल करने की सिफारिश भी की है जिससे केंद्र और राज्यों को जीएसटी कानून के तहत इसका अधिकार मिल जाएगा। यह मामला उस समय आया जब पिछले साल अगस्त में जीएसटी परिषद ने कानून में संशोधन कर ऑनलाइन खेलों में सट्टे या लगाई गई पूरी राशि पर 28 फीसदी की दर से कर लगाने का प्रावधान किया था।

# एनवीडिया दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी

**मुंबई ।**

एआई चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। कंपनी ने माइक्रोसॉफ्ट को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। कंपनी के शेयरों में 3.5 फीसदी तेजी आई और इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 3.34 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। माइक्रोसॉफ्ट के शेयरों में 0.5 फीसदी और एप्पल के शेयरों में 1.1 फीसदी गिरावट देखी गई। माइक्रोसॉफ्ट 3.32 ट्रिलियन डॉलर के साथ अब दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। एप्पल 3.27 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर है। एनवीडिया के शेयरों में साल 2024 में 174 फीसदी तेजी आई है, जबकि पिछले साल कंपनी का शेयर 239 फीसदी चढ़ा था। साल की पहली तिमाही में कंपनी के रेवेन्यू में 262 प्रतिशत और प्रॉफिट में 462 प्रतिशत की तेजी आई।

एआई चिप की डिमांड में हाल के दिनों में काफी तेजी आई है। इसका सबसे ज्यादा फायदा एनवीडिया को हुआ है। दुनिया में एआई चिप की बिक्री में एनवीडिया की हिस्सेदारी करीब 70 फीसदी है।

इसकारण दुनिया के एनालिस्ट्स को लगता है कि कंपनी का शेयर अभी और ऊपर जा सकता है। कंपनी के फाउंडर और सीईओ जेंसन हुआंग ने हाल में कहा था कि एनवीडिया साल 2026 में अपना सबसे एडवांस्ड एआई चिप प्लेटफॉर्म रुबिन लांच करेगी। यह ब्लैकवॉल का स्थान लेगा जो डेटा सेंटर्स को चिप सप्लाई करता है। इस मार्च में लांच किया गया था और तब कंपनी ने दुनिया का सबसे पावरफुल चिप बताया था।

ताइवान में पैदा हुए हुआंग ने साल 1993 में एनवीडिया की स्थापना की थी। इस कंपनी में उनकी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एनवीडिया के शेयरों में तेजी से हुआंग की नेटवर्थ भी रॉकेट की स्पीड से बढ़ी है। इस साल वह सबसे ज्यादा कमाई करने वाले शख्स हैं।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक हुआंग की नेटवर्थ इस साल 74.9 अरब डॉलर बढ़ी है। वह 119 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के 12वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 113 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के 13वें सबसे अमीर शख्स हैं। गौतम अडानी 108 अरब डॉलर के साथ 14वें नंबर पर हैं।

# हुण्डई मोटर कंपनी कारोबार को भारत में सूचीबद्ध कराने पर कर रही विचार

**नई दिल्ली।**

हुण्डई मोटर कंपनी अपने कारोबार को भारत में सूचीबद्ध कराने पर विचार कर रही है। इससे उत्साहित होकर कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने भारतीय कारोबार को स्टॉक एक्सचेंज पर लाने की सोच रही हैं। सूत्रों ने कहा कि करीब आधा दर्जन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ उनकी बातचीत चल रही है। वे अपनी कीमत बढ़ाने और रकम जुटाने में मूल कंपनी की मदद करने के लिए भारत में सूचीबद्ध होने की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि किन कंपनियों के साथ बातचीत चल रही है लेकिन संकेत दिया कि हुण्डई की इस पहल पर कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां नजर जमाए हुए हैं। हुण्डई इंडिया के शुरुआती आईपीओ के लिए काम करने वाले एक निवेश बैंकर ने पहचान उजागर न करने की शर्त पर बताया कि आईपीओ के लिए कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ बातचीत हुई है। भारतीय बाजार अधिक मूल्यांकन, जबरदस्त नकदी प्रवाह और सभी प्रकार के निवेशकों तक पहुंच प्रदान करते हैं। हुण्डई का आईपीओ अन्य संभावित बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आईपीओ के लिए एक कसौटी साबित होगा। हुण्डई मोटर कंपनी ने पिछले सप्ताह अपनी भारतीय इकाई हुण्डई मोटर इंडिया में 17.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास निर्गम दस्तावेज जमा कराए थे। कंपनी का आईपीओ 25,000 करोड़ रुपए का होगा जो भारतीय बाजार में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। खबरों में कहा गया है कि दक्षिण कोरिया की प्रमुख होम अप्लायंस कंपनी एलजी भी अपनी भारतीय इकाई एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को सूचीबद्ध कराने की संभावनाएं तलाश रही है। भारत में कारोबार करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रूस की कंपनी नयारा एनर्जी, सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर शामिल हैं। बाजार प्रतिभागियों ने कहा कि पांच लाख करोड़ डॉलर के भारतीय बाजार में पेशकश किया गया मूल्यांकन कोरिया, रूस और यूरोप के मुकाबले करीब दो से पांच गुना अधिक है। सेंट्रम कैपिटल के पार्टनर ने कहा कि आम तौर पर बहुराष्ट्रीय कंपनियां और विशेष रूप से पश्चिमी देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने घरेलू बाजार के बाहर सूचीबद्ध होना नहीं चाहती हैं।

# टैक्स से केंद्र की नई सरकार हुई मालामाल

## सरकारी खजाना भी भरा

### कलेक्शन 21 फीसदी बढ़ा 4.62 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचा

**नई दिल्ली।**




लगातार तीसरी बार पीएम मोदी और उनकी नई सरकार के लिए चालू वित्त वर्ष सरकारी खजाने के लिए बेहतर साबित हो रहा है। टैक्स से सरकार की आय लगातार बढ़ रही है। नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन चालू वित्त वर्ष में अब तक 21 फीसदी से बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने बताया कि इसमें एडवांस टैक्स कलेक्शन में हुई बढ़ोतरी का विशेष योगदान रहा। एडवांस टैक्स की पहली किस्त 15 जून को देय थी। यह कलेक्शन 27.34 फीसदी बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपए रहा। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपए का कॉरपोरेट इनकम टैक्स (सीआईटी) और पर्सनल इनकम टैक्स (पीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपए का और पीआईटी शामिल है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज यानी सीबीडीटी ने अपने बयान में कहा कि 4,62,664 करोड़ रुपए 17 जून, 2024 तक के नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 1,80,949 करोड़ रुपए का सीआईटी और 2,81,013 करोड़ रुपए का पीआईटी शामिल हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में 17 जून तक 53,322 करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया है। यह पिछले साल इसी अवधि में जारी किए गए रिफंड से 34 फीसदी ज्यादा है। इस साल एक अप्रैल से 17 जून के बीच डायरेक्ट टैक्सेज का ग्रॉस कलेक्शन सालाना आधार पर 22.19 फीसदी बढ़कर 5.16 लाख करोड़ रुपए रहा है।

## भारत मैगी के लिए पहला.....किटकैट के लिए दूसरा बड़ा बाजार , नेस्ले इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा

**मुंबई।**

भारत नेस्ले के इंस्टैंट नूडल्स व सूप ब्रांड मैगी के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा बाजार बन चुका है,जबकि किटकैट के लिए यह दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। नेस्ले इंडिया की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत लोकप्रिय इंस्टेंट नूडल्स और तैयार व्यंजन आदि बेचती है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मैगी की छह अरब से अधिक सर्विंग्स बेचीं, जिससे '' भारत दुनियाभर में मैगी के लिए सबसे बड़ा नेस्ले बाजार बन गया।'' नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत अपनी बिक्री में इजाफा कर रही है। नेस्ले ने 10 रुपये की किफायती कीमत पर ओट्स नूडल, कोरियन नूडल्स और अलग-अलग मसाले वाली मैगी व नूडल्स पेश किए हैं। नेस्ले इंडिया ने कहा कि किटकैट की 4,20 करोड़ 'फिंगर्स' बेचीं। नए उत्पादों को पेश करने, वितरण नेटवर्क के विस्तार और अभिनव ब्रांड से वृद्धि को बढ़ावा मिला। कंपनी 2020 और 2025 के बीच नई क्षमताओं को विकसित करने और मौजूदा क्षमताओं का विस्तार करने के लिए करीब 7,500 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है, जिसमें निरंतर वृद्धि और नवोन्मेषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।''




## वोडाफोन ग्रुप ने इंडस टावर्स के शेयर बेच......भारती एयरटेल ने हिस्सेदारी खरीदी

**मुंबई ।**

दिग्गज टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने टेलीकॉम प्रोवाइडर कंपनी इंडस टावर्स में 1 फीसदी हिस्सेदारी खरीद ली है। कंपनी ने बताया कि इंडस टावर्स के करीब 2.695 करोड़ शेयरों को खरीद लिया। खरीदारी के बाद भारती एयरटेल की इंडस टावर्स में हिस्सेदारी बढ़कर करीब 49 फीसदी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटिश कंपनी वोडाफोन ग्रुप पीएलसी ने बुधवार को इंडस टावर्स के करीब 20 फीसदी शेयरों को बेच दिया है। रिपोर्ट ने कहा कि वोडाफोन ग्रुप ने इंडस टावर्स के 53.3 करोड़ शेयरों को 17,065 करोड़ रुपये में बेच दिए। इंडस टावर्स में वोडाफोन की हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ में प्राइवेट इक्विटी फर्म आई स्क्वैयर्ड कैपिटल और स्टोनपीक भी शामिल थीं। गौरतलब है कि वोडाफोन ग्रुप पीएलसी को अपनी भारतीय यूनिट से काफी नुकसान देखने को मिला है। ब्रिटिश कंपनी ने भारत में अब और निवेश नहीं करने का फैसला किया है। ब्रिटिश कंपनी ने साल 2022 में ही ऐलान किया था कि वह इंडस टावर्स में अपनी मौजूदा 28 फीसदी हिस्सेदारी को बचेगी। हालांकि, यह अपने शेयरों को उस रफ्तार से नहीं बेच सकी, जितने की उम्मीद थी।

## सोने और चांदी की कीमतें घटी



**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की वायदा कीमतें नीचे आयीं। सुबह सोना केवल एक रुपये की तेजी के साथ खुला पर इसके बाद में इसके भाव नीचे आने लगे जबकि चांदी के वायदा भाव की सुबह ही कमजोर शुरुआत हुई। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव नीचे आये जबकि चांदी के वायदा भाव उछले। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज हल्की तेजी के साथ हुई पर बाद में इसके भाव नीचे आने लगे। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध आज केवल एक रुपये की बढ़त के साथ 71,740 रुपये के भाव पर खुला। यह अनुबंध 82 रुपये की गिरावट के साथ 71,657 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 71,740 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 71,645 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। दूसरी ओर चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज कमजोर रही। एमसीएक्सापर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध 120 रुपये की गिरावट के साथ ही 88,960 रुपये पर खुला। ये 88,960 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 88,852 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। पिछले महीने ही चांदी के वायदा भाव ने 96,493 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर हासिल किया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज गिरावट पर रही लेकिन चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। कामेक्स पर सोना 2,344.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इस पिछला बंद भाव 2,346.90 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 1.50 डॉलर की गिरावट के साथ 2,345.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं कामेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.61 डॉलर के भाव पर खुले, इसका पिछला बंद भाव 29.56 डॉलर था।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

**मुंबई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को सपाट बंद हुआ। आज सुबह दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतो के साथ ही बैंकिंग व आईटी शेयरों में खरीददारी से बाजार उछला और सेंसेक्स और निफ्टी अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे पर इसके बाद बाजार फिर नीचे आने लगा। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी 77,851 और 23,664 के शीर्ष स्तर पर पहुंचे पर उसके बाद टूट गये। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 36 अंक करीब 0.05 फीसदी बढ़कर 77,337 और पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 41 अंक तकरीबन 0.18 फीसदी नीचे आकर 23,516 पर बंद हुआ।

इस दौरान बैंकिंग शेयरों में बड़ी तेजी रही। निफ्टी बैंक 957 अंक करीब 1.90 फीसदी की तेजी के साथ बढ़कर 51,398 पर बंद हुआ। बैंकिंग, आईटी और फिन सर्विस इंडेक्स ही उछलकर बंद हुए हैं। वहीं वाहन , फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी और इन्फ्रा इंडेक्स नीचे आकर बंद हुए । कारोबारी सत्र में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली आई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 538 अंक या 0.97 की गिरावट के साथ 54,951 और निफ्टी स्मॉलकैप 83 अंक तकरीबन 0.46 फीसदी नीचे आकर 18,155 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 3.06 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। इसके साथ ही एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक, एसबीआई, इन्फोसिस के शेयर बढ़े जबकि टाइटन का शेयर सबसे ज्यादा 3.46 फीसदी टूटकर बंद हुआ। इसके अलावा एलएंडटी, भारती एयरटेल, मारुति, एनटीपीसी, रिलायंस, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, अल्ट्रा सीमेंट, आईटीसी के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए।




इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ खुला। आज सुबह सूचकांक शुरुआती 90 अंक की बढ़त के साथ 77,394 के स्तर के आसपास कारोबार करता दिखा। इसी तरह निफ्टी 19 अंक ऊपर 23,576 के स्तर पर दिखा। वहीं बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक 0.25 फीसदी तक ऊपर आकर रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचे। निफ्टी मेटल 0.4 फीसदी और निफ्टी एफएमसीएच 0.35 फीसदी पर रहा। निफ्टी रियल्टी 0.8 फीसदी नीचे आया।

वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो अमेरिकी वायदा बाजारों में मिश्रित कारोबार हुआ। नैस्डैक, एसएंडपी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ जबकि डाओ जोन्स में 56 अंक की तेजी आई। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बाजार बढ़त पर रहे। जापान का निक्केई 0.5 फीसदी ऊपर आया जबकि कोस्पी और ताइवान लगभग एक फीसदी उछला। ऑस्ट्रेलियाई इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक- एस एंड पी एएसएक्स 200 और ऑल ऑर्डिनरीज़ ने सपाट नोट पर कारोबार किया। इससे पहले गत दिवस भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था।

## वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत 63वें स्थान पर

**नई दिल्ली ।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर पहुंच गया है। डब्ल्यूईएफ ने कहा है कि भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में उल्लेखनीय सुधार किया है। इस सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा है। स्वीडन सूचकांक में शीर्ष पर है। इसके बाद डेनमार्क, फिनलैंड, स्विटजरलैंड और फ्रांस शीर्ष पांच देशों में शामिल हैं। वहीं चीन का स्थान 20वां है। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि भारत और कुछ अन्य विकासशील देशों मसलन चीन और ब्राजील द्वारा दिखाया गया सुधार महत्वपूर्ण है। भारत द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख कर डब्ल्यूईएफ ने कहा कि देश इसतरह के नतीजे देने में अग्रणी रहा है,जिन्हें अन्य स्थानों पर दोहराया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि सरकारें जागरूकता पैदा करने और नीतिगत हस्तक्षेप पर भी विचार कर सकती हैं। चीन और भारत की भूमिका पर डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक आबादी की लगभग एक-तिहाई के साथ ये दोनों देश आगे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि दोनों ही देशों ने नवीकरणनीय ऊर्जा उत्पादन, ऊर्जा पहुंच में सुधार और ऊर्जा सुरक्षा के मामले में प्रगति की है। इसके अलावा ये देश हरित प्रौद्योगिकी विनिर्माण के लिए भी मजबूत स्थिति में हैं।

# डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेटरीज और प्राइवेट फर्मों की नजर भारत की सीरम पर

**नई दिल्ली।**

बायो फार्मास्युटिकल्स कंपनी भारत सीरम एण्ड वैक्सीन्स (बीएसवी) पर डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेटरीज (डीआरएल) और वैश्विक प्राइवेट इक्विटी फर्मों ईक्यूटी और वारबर्ग पिनकस की नजर टिक गई है। सूत्रों ने बताया कि तीनों कंपनियां इस कंपनी में एडवेंट की हिस्सेदारी खरीदना चाहती हैं। सूत्रों ने कहा कि मैनकाइंड फार्मा भी इस होड़ में शामिल है लेकिन उसे मूल्यांकन ज्यादा लग रहा है। एक सूत्र ने बताया कि बीएसवी की कीमत 1.25 अरब से 1.5 अरब डॉलर लगाई है, जबकि पहले दो अरब डॉलर मूल्यांकन पर बात हुई थी। 2019 में कंपनी का मूल्यांकन 50 करोड़ डॉलर था। सूत्रों ने कहा कि अगर बीएसवी का मूल्यांकन कम होता है तो मैनकाइंड इस बारे में सोच सकती है। मैनकाइंड फार्मा, डीआरएल, ईक्यूटी और वारबर्ग पिनकस से भारत सीरम एण्ड वैक्सीन्स में हिस्सेदारी खरीदने की योजना के बारे में पूछा गया लेकिन चारों ने ही इनकार कर दिया। प्राइवेट इक्विटी दिग्गज एडवेंट ने फरवरी 2020 में भारत सीरम एण्ड वैक्सीन्स में पीई निवेशकों ऑर्बिमेड एशिया और कोटक पीई की समूची हिस्सेदारी खरीद ली थी जिसके बाद कंपनी में उसकी कुल 74 फीसदी हिस्सेदारी हो गई थी। फार्मास्युटिकल्स विभाग से मंजूरी मिलने के बाद 2023-24 में एडवेंट ने दफ्तरी परिवार से बाकी 26 फीसदी हिस्सेदारी भी खरीद ली। अब वह बीएसवी से निकलना चाह रही है। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024 में बीएसवी का कर पूर्व मुनाफा 500 करोड़ रुपए रहा और वित्त वर्ष 2025 में कंपनी 650 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाना चाहती है। एडवेंट को वित्त वर्ष 2025 के कर पूर्व मुनाफे से 20 से 25 गुना कीमत मिलने की उम्मीद है। उद्योग सूत्रों ने कहा कि बीएसवी महिला स्वास्थ्य से जुड़े उत्पादन बनाती है। साथ ही वह प्रजनन चिकित्सा में मदद करती है और क्रिटिकल केयर उत्पाद भी बनाती है। सूत्रों ने कहा कि निस्संतान मामले बढ़ने के कारण ऐसे उत्पादों और सेवाओं की काफी मांग है और इनका बाजार तेजी से बढ़ रहा है। यही वजह है कि फार्मा कंपनियां बीएसवी में दिलचस्पी दिखा रही हैं। एक अनुमान के मुताबिक देश में करीब दो करोड़ दंपती संतान नहीं होने से परेशान हैं और दुनिया भर में ऐसे छह से आठ करोड़ दंपती हैं। पिछले साल के अंत से खबरों में दावा किया गया है कि जायडस कैडिला, डीआरएल और कार्लाइल, ब्लैकस्टोन और केकेआर जैसी पीई दिग्गज बीएसवी में एडवेंट की हिस्सेदारी लेने की इच्छुक हैं।

## 1 जुलाई 2024.....टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहनों की कीमत में होगा इजाफा

**मुंबई ।** टाटा समूह की ऑटो सेक्टर की कंपनी टाटा मोटर्स अपने वाणिज्यिक वाहनों (कमर्शियल व्हीकल्स) की कीमत में इजाफा करने को तैयार है। कंपनी ने बताया कि वह कमर्शियल वाहनों की कीमत में 2 फीसदी का इजाफा करेगी। नई कीमत 1 जुलाई, 2024 से लागू होगी। टाटा मोटर्स ने कहा कि कंपनी वाहनों की कीमत में इजाफा कमोडिटी (पेट्रोल, डीजल) की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से ले रही है। 1 जुलाई से नए वाहनों पर लागू होने वाली कीमत अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट की गाड़ियों के लिए अलग-अलग होगी। नई कीमत पूरे देशभर में टाटा के वाहनों पर लागू होगी। टाटा मोटर्स लग्जरी कारों से लेकर ट्रक तक बनाए जाने में शुमार है। कंपनी मौजूदा समय में कार, पिक-अप, ट्रक और बसों की मैन्युफैक्चरिंग करती है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक गाड़ियां भी मार्केट में हैं। टाटा मोटर्स इस समय कमर्शियल व्हीकल के मामले में भारत की सबसे बड़ी कंपनी है। कंपनी की कमर्शियल वाहनों की लिस्ट में मिनी ट्रक, ट्रक, बस और वैन जैसे व्हीकल्स शामिल हैं। 3.27 लाख करोड़ के मार्केट कैप वाली कंपनी टाटा मोटर्स के शेयरों में बुधवार को गिरावट देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयरों ने 1 साल में निवेशकों को करीब 74 फीसदी का रिटर्न दिया है, वहीं 6 महीने में इसके शेयर 35 फीसदी से ज्यादा चढ़ चुके हैं।

## निसान मेगनाइट का फेसलिफ्ट वर्जन होगा लांच

**मुंबई ।**



देश में निसान जल्दी ही मेगनाइट का फेसलिफ्ट वर्जन ला सकती है। अनुमान है कि इसे जनवरी 2025 में भारत में लाया जा सकता है। इस कार की भारत में टेस्टिंग की जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसके एक्सटीरियर और इंटीरियर में हल्के बदलाव के साथ कुछ नए फीचर्स को जोड़ा जा सकता है। इसकी हेडलाइट्स, फ्रंट ग्रिल, रियर बंपर, अलॉय व्हील्स आदि में बदलाव देखने को मिलेंगे। फेसलिफ्ट वर्जन में मौजूदा एक लीटर का तीन सिलेंडर वाला ही इंजन दिया जाएगा, जिससे 72 हॉर्स पावर और 96 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलेगा। वहीं टर्बो इंजन से इसे 100 हॉर्स पावर और 160 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलेगा। इसके साथ 5 स्पीड मैनुअल, सीवीटी और एएमटी ट्रांसमिशन के विकल्प भी दिए जाएंगे।फेसलिफ्ट वर्जन की शुरूआती कीमत मौजूदा मॉडल से थोड़ी ज्यादा हो सकती है। कंपनी ने निसान मेगनाइट फेसलिफ्ट को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है।

# उपचुनाव के लिए JDU से कलाधर मंडल ने किया नॉमिनेशन

## मंत्री लेसी सिंह, विधायक कृष्ण ऋषि रहे मौजूद जनता से की एनडीए प्रत्याशी के लिए वोटिंग की अपील

**पूर्णिया।** पूर्णिया के रुपौली विधानसभा के लिए 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। नामांकन की प्रक्रिया 14 जून से 21 जून तक चलेगी। 5वें दिन जदयू से कलाधर मंडल ने उपचुनाव के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया। वे दोपहर करीब 1 बजे धमदाहा अनुमंडल कार्यालय नामांकन पर्चा दाखिल करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ मंत्री लेसी सिंह, बनमनखी से भाजपा के विधायक कृष्ण कुमार ऋषि, जदयू से पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा मौजूद रहे। नॉमिनेशन के बाद वे भवानीपुर के क्रीड़ा मैदान जनसभा स्थल पहुंचे। जनसभा में मंत्री लेसी सिंह, पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, भाजपा के विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने सभास्थल से एनडीए प्रत्याशी कलाधर मंडल के लिए उपचुनाव में वोटिंग की अपील की। नामांकन





के बाद मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि रूपौली विधानसभा का 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। इस चुनाव में एनडीए ने कलाधर मंडल को मैदान में उतारा है। एनडीए के घटक दल के सभी नेता पूरी मजबूती के साथ कलाधर मंडल के साथ खड़े हैं। इस चुनाव में एनडीए प्रत्याशी कलाधर मंडल की जीत तय है। नॉमिनेशन के बाद कलाधर मंडल ने कहा कि उन्होंने रूपौली विधानसभा की जनता के लिए वे सालों से काम करते आ रहे हैं। हर जाति और हर वर्ग के लोगों के बीच उनकी पकड़ है। उन्हें क्षेत्र की जनता पर पूरा विश्वास है। इस उपचुनाव में उनकी ही जीत होगी। बागी पूर्व विधायक शंकर सिंह निर्दलीय नॉमिनेशन करेंगे वहीं, इसके बाद 20 जून को लोजपा (रामविलास) से बागी पूर्व विधायक शंकर सिंह निर्दलीय नॉमिनेशन करेंगे। जबकि महागठबंधन से अब तक पेंच फंसा हुआ है। राजद से बीमा भारती अब खुद उप चुनाव लड़ना चाहती हैं। जबकि सीपीई ने पहले से ही इस सीट पर दावा करते हुए विकास चंद्र मंडल के चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। इसके बाद से ही महागठबंधन में इस सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर माथापच्ची जारी है। बता दें कि रूपौली विधानसभा से 5 बार की विधायक रहीं बीमा भारती ने विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद राजद से लोकसभा चुनाव लड़ा था। तब से रूपौली विधानसभा सीट खाली थी। चुनाव आयोग ने अधिसूचना जारी करते हुए रूपौली विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को वोटिंग जबकि 13 जुलाई को काउंटिंग की तारीख घोषित की है।रूपौली विधानसभा में 3 प्रखंड और 42 पंचायतों को मिलाकर 321 मतदान केंद्र हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### तेज बारिश के कारण ठाकुरगंज, पोठिया में बिजली आपूर्ति बाधित



**किशनगंज।** में लगातार हो रही बारिश के कारण ठाकुरगंज और पोठिया के कई इलाके में बिजली लाइन को काफी क्षति पहुंची है। जहां मंगलवार की रात हुई बारिश के कारण दर्जनों बिजली के इंसुलेटर खराब हो गए हैं। अब तक ठाकुरगंज में 86 और पोठिया में 56 इंसुलेटर को ठीक कराया गया है। बाकी बचे को भी ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। बिजली विभाग के अभियंता ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि इस आपदा की घड़ी में कृपया धैर्य बनाए रखे। हम आपूर्ति बहाल कराने का प्रयास कर रहे है। कहीं विद्युत इंसुलेटर तो कहीं ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना मिल रही है। आपूर्ति ठप होने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पर रहा है। वहीं तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर बिजली के खंभे गिर गए और पेड़ गिरने से तार टूटने के कारण बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। जल्दी ही इसे ठीक करा कर आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।

### मंत्री बोले- अपराधियों को सीधे गोली मारी जाएगी




**पूर्णिया।** में बिहार सरकार के भूमि और राजस्व सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने हर जिले में एसआईटी गठित करने का फैसला लिया है। जो बदमाश अवैध रूप से गोली-बंदूक लेकर चलेंगे, उनको सीधे गोली मारने का आदेश सरकार ने दिया है। कोई अपराधी अब कहीं नहीं बचेगा। जो गोली बंदूक लेकर चलता है उन लोगों को तमाम कर दिया जाएगा। अब बंदूक चमकाने वाले को रूपौली में घुसने नहीं देना है, रूपौली में अब गरीब का राज होगा। उन्होंने ये बातें भवानीपुर में हुए व्यवसायी गोपाल यादुका की हत्या और उससे जुड़े हत्यारों पर बोलते हुए कही। मंत्री भवानीपुर के क्रीड़ा मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मंत्री के बयान पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ज्ञान रंजन ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकार होते हुए भी अपराध डबल गति से बढ़ रहा। इसे रोक पाना मुश्किल है। ऐसे हालात में बिहार सरकार के मंत्री ऐसे बयान दे रहे है। केवल बयानबाजी मत कीजिए। इससे काम नहीं चलने वाला है। बिहार को अपराध मुक्त करें। बता दें कि पूर्णिया के रूपौली विधानसभा के लिए 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। नामांकन की प्रक्रिया 14 जून से 21 जून तक चलेगी। 5वें दिन जदयू से कलाधर मंडल ने उपचुनाव के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया। नॉमिनेशन के बाद वे भवानीपुर के क्रीड़ा मैदान जनसभा स्थल पहुंचे थे। मंत्री दिलीप जायसवाल, मंत्री लेसी सिंह, पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, भाजपा के विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने सभा स्थल को संबोधित किया। यहां से एनडीए प्रत्याशी कलाधर मंडल के लिए उपचुनाव में वोटिंग की अपील की। प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए सरकार को बहुमत दिया है। यहां गुंडों, अपराधियों को कानून का इंजेक्शन दिया जाता है। अपराधी आह बोलते तो जनता बाप बोलती है। जेल के अंदर स्पीडी ट्रायल देकर जैसे उनको सजा दी जाती है, सालों तक जेल में रहते हैं, तड़पते हैं। अपराधियों को सजा होती है तो जनता खुश होती है। अपराध की कठोरतम कार्रवाई जरूरी है। राजदः प्रवक्ता ऐजाज अहमद ने कहा कि बिहार का गौरव, वैभव किसने लौटाया सबको पता है। समाज के शोषित, वंचित खुश हों, उनको सम्मान, अधिकार मिले ये वैभव लौटाने का काम लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव ने किया।

## वीमेंस कॉलेज में बीए एडमिशन की दूसरी लिस्ट जारी



**पटना।** वीमेंस कॉलेज में नए सत्र के लिए एडमिशन का सिलसिला जारी है। कॉलेज ने बीए में एडमिशन के लिए दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। एडमिशन 20 जून की सुबह 10 से 11 बजे के बीच होगी। इस बार नामांकन के लिए कोई एंट्रेंस एग्जाम नहीं लिए जा रहे हैं। यूजी छात्राओं का एडमिशन 12वीं में आने वाले अंकों पर निर्धारित होगा। बीए में जनरल के लिए कट ऑफ 52%-69%, बीसी-क के लिए 49%-67%, बीसी-क्क के लिए 52%-68%, एससी के लिए 46% - 61% और एसटी के लिए 48% - 56% है। डमिशन के लिए जरूरी डॉक्यूमेंट्सकॉलेज ने निर्देश दिया है कि एडमिशन के समय उम्मीदवार को चार फोटोग्राफ, 12वीं की ओरिजिनल मार्कशीट, SLC, CLC, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, जाति प्रमाण पत्र (केवल आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए), बैप्टिज्म सर्टिफिकेट (केवल ईसाई उम्मीदवारों के लिए), माइग्रेशन सर्टिफिकेट का ओरिजिनल और जेरॉक्स कॉपी (BSEB को छोड़कर) और डाउनलोड किया गया एप्लीकेशन फॉर्म-2024 लाना होगा। फर्स्ट सेमेस्टर के लिए कॉलेज शुल्क का भुगतान डिजिटल मोड द्वारा केवल कॉलेज की कोई अन्य पेमेंट मोड उपलब्ध नहीं है। फर्स्ट सेमेस्टर के लिए फीस 21,450 रुपए है। भूगोल, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान जैसे विषय में प्रैक्टिकल क्लास भी होते हैं। ऐसे में छात्राओं को सेमेस्टर फीस के साथ-साथ लैब फीस 600 रुपए भी जमा करने होंगे। 8 जुलाई को होगा ओरिएंटेशन प्रोग्राम एडमिशन के बाद उम्मीदवारों को 8 जुलाई से 10 जुलाई तक सुबह 09:15 बजे से दोपहर एक बजे तक होने वाले ओरिएंटेशन प्रोग्राम में शामिल होना अनिवार्य है। कॉलेज ने अभ्यर्थियों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे निर्धारित तिथि पर अपना प्रवेश ले लें। यदि किसी भी कारण से कोई उम्मीदवार दी गई तिथि पर प्रवेश लेने में विफल रहता है तो उसकी सीट रद्द कर दी जाएगी और उसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

## नेपाली युवकों से किशनगंज में फैल रहा नशा का कारोबार

**किशनगंज।** जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत भात गांव में इन दिनों ड्रग्स माफिया ने उत्पाद मचाया है। माफियाओं के आतंक से पंचायत वासी पूरी तरीके से परेशान है। ज्ञात हो कि ठाकुरगंज भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र से सटा हुआ इलाका है। इस वजह से यहां अक्सर ड्रग्स, ब्राउन शुगर, शराब आदि की खरीद बिक्री करते हुए तस्कर पकड़े जाते है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के द्वारा ड्रग्स माफिया के खिलाफ पंचायत में



नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर पंचायत के लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति अगर ड्रग्स पीता हुआ अगर दिखे तो तुरंत हम लोगों को और प्रशासन को खबर करें, ताकि हमारा समाज नशा मुक्त बने और हमारे पंचायत के युवा पीढ़ी इस नशे से दूर हो सके।उन्होंने आगे बताया कि अगर हम अभी ड्रग्स माफियाओ को नहीं रोकेंगे तो धीरे-धीरे युवा पीढ़ी इस नशे का शिकार होते चले जाएंगे। धीरे-धीरे हमारा समाज बर्बाद होते चले जाएगा। जिसको लेकर पंचायत में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व उप सरपंच ने बताया कि पूरे पंचायत में हम सभी जनप्रतिनिधि सभी वार्डों में निरीक्षण कर किसी भी ड्रग्स माफिया को देखते हैं तो वहां से उसे पकड़कर प्रशासन को सूचना दी जाती है।

## नरेंद्र मोदी बोले- किताबें भले जल जाएं, ज्ञान नहीं मिटता

**नालंदा ।** PM नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 1749 करोड़ रुपए से बने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया। उन्होंने 21 मिनट तक कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिनों में ही नालंदा आने का मौका मिला है। यह मेरा सौभाग्य तो है ही, मैं इसे भारत की विकास यात्रा के एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। कार्यक्रम में सीएम




नीतीश कुमार ने कहा कि पुरानी सरकार बात नहीं सुनती थी। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के लिए कई बार उन्होंने अनुरोध किया था इससे पहले प्रधानमंत्री ने करीब 15 मिनट तक 1600 साल पुराने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर का दौरा किया। खंडहर में प्रधानमंत्री 10.03 बजे पहुंचे। 10.24 मिनट पर वे वहां से निकल गए। इसके बाद प्रधानमंत्री ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए स्वरूप को देश को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने यूनिवर्सिटी कैंपस में पौधा भी लगाया। कार्यक्रम में 17 देशों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## जल जमाव से जन-जीवन अस्त-व्यस्त, बारिश से बढ़ी



**किशनगंज।** के ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भोगडावर पंचायत के वार्ड संख्या-10 और 11 में लगभग 50 से अधिक घर जल जमाव के कारण प्रभावित है। यहां लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रास्ता से लेकर घरों में भी दो फीट पानी जम गया है। कई लोग अपने घर में रहने को मजबूर है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात का मौसम है। अगर इसी तरह जल जमाव रहा, तो हम लोगों को घर छोड़कर सड़क पर तंबू टांग कर रहना पड़ेगा। इसी दौरान वार्ड सदस्य मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद साजिर सहित आदि ने बताया कि अररिया टू गलगलिया रेल लाइन होने के कारण से पानी का जल जमाव हो गया है। अगर रेल लाइन के अंदर पास पानी निकासी के लिए व्यवस्था होती, तो जल जमाव नहीं होता इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जल जमाव की सूचना दूरभाष पर अंचल अधिकारी और सांसद डॉ मोहम्मद जावेद आजाद को भी दिया गया है। अब देखने की बात है कि लोगों की समस्याओं का निदान होता है या नहीं होता है। लोगों ने बताया कि अगर पानी का निकासी जल्द प्रशासन नहीं करवाता है, तो हम लोग ब्लॉक मुख्यालय में धरना पर बैठने का काम करेंगे। वहीं, जिला परिषद प्रतिनिधि अहमद हुसैन ने बताया कि बरसात की मौसम आते ही नदी किनारे बसे लोगों के लिए परेशानी बढ़ गई है। एक तरफ ग्रामीण क्षेत्र में भी जल जमाव से गांव वासी परेशान है। जिला परिषद ने बताया कि हम इस मामला को लेकर वरीय पदाधिकारी से बात कर लोगों की समस्याओं का निदान करने का समाधान करेंगे ।

## पति के साथ बाजार आई महिला की किडनैपिंग

**भागलपुर।** भागलपुर में नवविवाहिता की किडनैपिंग का मामला सामने आया है। यहां चार पहिया वाहन से आए कुछ लड़कों ने महिला को अगवा कर लिया। इसके बाद पति ने मामला दर्ज करवाया है। भागलपुर के नारायणपुर के भवानीपुर थाना क्षेत्र निवासी गौतम कुमार सिंह(25) की शादी 24 मई 2024 को खगड़िया के परबत्ता थाना क्षेत्र के पिंकू सिंह की बेटी काजल कुमारी से हुई थी। शादी के बाद गौतम अपनी पत्नी के साथ अपने घर भवानीपुर लौट आया। गौतम कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी ने नवगछिया बाजार मार्केटिंग करने की जिद की। तो उसे मोटरसाइकिल से नवगछिया बाजार लेकर आए थे। वहां कपड़ा खरीद कर घर वापस लौट रहे थे। तभी नवगछिया जीरो माइल के पास उसकी पत्नी काजल कुमारी ने कहा कि उसे लीची खरीदना है। वहां गाड़ी रुकवा कर मुझे लीची लाने के




लिए भेज दिया। इतने में उसकी पत्नी के पास चार पहिया गाड़ी से रोशन कुमार और उसके साथ 4 अन्य व्यक्ति पहुंचे। उसकी पत्नी को गाड़ी में बैठाकर भागलपुर की ओर लेकर चले गए। अपने आवेदन में गौतम कुमार ने कहा कि शादी के बाद ससुराल में रोशन कुमार, संतोष मंडल, वाले मंडल, लेले मंडल, रामचंद्र मंडल और नीतिश मंडल दरवाजे पर आकर धमकी गाली गलौज करते थे। बोलता था कि काजल कुमारी से गौतम प्यार करता है।

## सुनीता किडनी कांड में डॉक्टर को 7 साल की सजा



**मुजफ्फरपुर।** में सुनीता किडनी कांड मामले में कोर्ट ने बुधवार को दोषी डॉक्टर पवन कुमार को 7 साल की सजा सुनाई। साथ ही 18 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं जमा करने पर 4 महीने अतिरिक्त सजा होगी। 2022 में मुजफ्फरपुर स्थित सकरा थाना क्षेत्र निवासी सुनीता देवी की ऑपरेशन में दोनों किडनी निकाल ली गई थी। वहीं, मुख्य आरोपी डॉक्टर आर के सिंह फरार है। पुलिस कोर्ट के ऑर्डर पर उसके घर की कुर्की जब्ती की प्रक्रिया पूरी कर चुकी है। इधर, एसकेएमसीएच में भर्ती सुनीता की तबीयत में कोई सुधार नहीं है। उसका स्वास्थ पहले से खराब हो गया है। पेट में दर्द होने पर क्लीनिक पहुंची थी सुनीता घटना की शुरूआत 11 जुलाई 2022 को हुई। जहां सकरा थाना क्षेत्र के बाजी राउत गांव की सुनिता देवी को पेट में दर्द हुआ था। इलाज के लिए डॉक्टर पवन कुमार के क्लीनिक पर पहुंची। डॉक्टर ने उसे गर्भाशय निकलने के लिए ऑपरेशन की सलाह दी। बरियारपुर स्थित शुभकांत क्लीनिक में तीन सितंबर 2022 सुनीता के गर्भाशय का ऑपरेशन किया गया था। क्लीनिक झोलाछाप डॉक्टर पवन कुमार का था। पांच सितंबर को सुनीता की तबीयत खराब होने पर उसे श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल लाया गया। सात सितंबर 2022 को जांच के बाद पता चला कि उसकी दोनों किडनी निकाल ली गई है।मामला मुजफ्फरपुर जिले के बरियारपुर ओपी के बाजी कस्बे का है। 35 साल की सुनीता देवी पेट दर्द की वजह से शुभ कांत क्लीनिक पर पहुंची थी। वहां डॉक्टर ने कहा कि यूट्रस का ऑपरेशन करना होगा। इसके लिए परिवार वाले तैयार हो गए।

## रेलवे ट्रैक के किनारे मिला 2 नवजात का शव

**भागलपुर।** में मंगलवार को एक मेल और एक फीमेल नवजात का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना तातारपुर थाना क्षेत्र के आनंदपुर के पास रेलवे ट्रैक के पास की है। जहां पर कूड़ा चुनने गए दो लोगों ने कैरी बैग में एक मेल और एक फीमेल नवजात शिशु का शव देखा। इसके बाद गांव वालों को इसकी जानकारी दी। सूचना मोहल्ले में आग की तरफ फैल गई। घटना की जानकारी के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे। इधर, घटना की जानकारी लोगों ने डायल 112 की टीम को दी। मौके पर डायल 112 की टीम पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। इधर, सूचना के बाद स्थानीय ततारपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर फिलहाल शव को पुलिस



ने अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।स्थानीय निवासी राज ने बताया कि कूड़ा चुनने आए दो लोगों ने घटना की जानकारी मोहल्ले वालों को दी। इसके बाद हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पर एक फीमेल और एक मेल नवजात शिशु का शव कैरी बैग में भरकर रेलवे ट्रैक के किनारे मिला। पुलिस ने कहा कि इसको साइड कर दें।

## युवक ने नई तकनीक को अपनाया लाखों है कमाई

भागलपुर कृषि को विकसित करने के लिए कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विभाग और सरकार सभी लगे हुए हैं। ऐसे में कृषि के नए नए तकनीक को अपनाया जाता है। नए तकनीक से किसानों को लाभ भी पहुंचता है। ऐसे में कृषि में कम मेहनत कर अच्छा मुनाफा भी किसान कमा सकते हैं। तकनीक आ जाने से कम मेहनत भी लगता है। भागलपुर का एक किसान अपने खेतों में प्रयोग करते रहते हैं। इतना ही नहीं किसानों को भी इसके लाभ और नुकसान के बारे में बताते हैं। ऐसे में ही कजरैली के किसान गूंजेश गुंजन ने नए तकनीक से खीरा की खेती की



है। गूंजेश ने खीरा की खेती करने के लिए लाइट ट्रैप और स्टिकी ट्रैप का उपयोग किया है। इसके उपयोग से फसलों में कीटनाशक की आवश्यकता नहीं पड़ती है, जिससे जैविक उत्पाद अच्छे तरीके से मिल जाता है। इसमें मेहनत भी अधिक नहीं लगता है। किसानों के खेतों में कीड़े भी नहीं लगते हैं ऐसे में अच्छी फसल भी



मिल जाती है।लाइट ट्रैप और स्टिकी ट्रैप को लेकर किसान गूंजेश गूंजन ने दैनिक भास्कर को बताया कि लाइट ट्रैप एक ऐसा यंत्र है, जिसमें सोलर लाइट, बैटरी, बल्ब और एक प्लास्टिक का डलिया लगा होता है। सोलर के माध्यम से दिन में चार्ज होता और रात को उसमें ब्लू बल्ब जलने लगता है। इससे कीड़ा लाइट को देखकर वहां पहुंच जाता है। लाइट के ठीक नीचे लगे डाला में पानी डालकर और उसमें कीटनाशक डाल दिया जाता है, जिससे वो पानी में गिरकर खत्म हो जाता है। इससे कम मेहनत में जैविक खेती हो जाती है। वहीं स्टिकी ट्रैप की बात करें तो इसमें एक स्टिक के माध्यम से पीले रंग का बोर्ड लगा होता है जिसमें चिपचिपा पदार्थ लगा होता है। पिले रंग को देख कीड़ा अत्यधिक उस ओर जाता है ऐसे में जैसे ही उसपर कीड़ा बैठता है, वह चिपक जाता है। इससे भी किट कंट्रोल हो जाता है। दोनों तकनीक के माध्यम से जैविक कृषि करना आसान हो गया है।

# सांस्कृतिक गरिमा का गवाह इलाहाबाद




**इलाहाबाद मौर्य और गुप्त साम्राज्य से लेकर मुग़ल साम्राज्य तक समृद्धशाली इतिहास से भरा हुआ है। कुम्भ के महान जन समूह में शामिल होने के अलावा इलाहाबाद में आपको भारतीय धर्म और संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। आपको इलाहाबाद के और उसके आस-पास के कई पर्यटन स्थलों को देखने का अवसर मिलेगा । जब आप एक पर्यटक के रूप में यहाँ आयेंगें तब आपको यहाँ आकर असीम संतुष्टि मिलेगी ।**










देश के हर हिस्से से लाखों यात्री इलाहाबाद पूरे वर्ष गंगा-यमुना के संगम में स्नान करने और मुक्ति की कामना लेकर आते रहते हैं। इस नगर ने युगों की करवट देखी है, बदलता हुआ इतिहास देखा है। इलाहाबाद भारत की सांस्कृतिक गरिमा का गवाह रहा है और राजनीति तथा साहित्य का केंद्र भी रहा है। यह शहर व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं हुआ किन्तु शिक्षा में पूर्व का कैंब्रिज माना गया विश्वविद्यालय यहीं है साथ ही अनकों सांस्कृतिक, राजनीतिक, साहित्यिक धरोहरों के कारण भी पर्यटक यहां खिंचे चले आते हैं।

इलाहाबाद शहर की भौगोलिक सीमा तो पंद्रह किलोमीटर है जिसमें अनेक दर्शनीय स्थल हैं। यहां कुछ खास पौराणिक, ऐतिहासिक स्थल अब भग्न अवस्था में हैं। यहां के कुछ गौरवपूर्ण स्थानों में कौशांबी, श्रृंगवेरपुर, झूंसी या प्रतिष्ठानपुर, लाक्षागिरि, भीटा, पातालपुरी आदि के नाम लिये जा सकते हैं। यदि आप इलाहाबाद के औद्योगिक विकास के बारे में जानना चाहते हैं तो आपको नैनी जाना होगा।

इलाहाबाद रेलवे स्टेशन से लगभग पांच किलोमीटर दूर भारद्वाज आश्रम है। वर्तमान में यह आश्रम एक मंदिर का रूप ले चुका है। यह जवाहरलाल नेहरू रोड़ पर आनंद भवन से कुछ पहले ही स्थित है। इस मंदिर की भव्यता आपको अवश्य रोमांचित करेगी। आप आनंद भवन और स्वराज भवन देखने जरूर जाइये। स्वराज भवन अब कांग्रेस पार्टी के पास है। यह नेहरू परिवार का पैतृक आवास है अब इसमें जवाहरलाल नेहरू की चित्रमय झांकी प्रदर्शित की गई है। आनंद भवन में नेहरू जी की जीवन स्मृतियां धरोहर के रूप में सुरक्षित हैं। इसके परिसर में एक प्लेनिटोरियम भी खुला हुआ है।

आनंद भवन से एक किलोमीटर दूर 1887 ईसवी में स्थापित विश्वविद्यालय है। सन् 1921 में इसे आवासीय रूप दिया गया था। इसका सीनेट हाल वास्तुकला का श्रेष्ठ नमूना है। विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में एक संग्रहालय भी है। इस विश्वविद्यालय में दूरदराज के छात्र भी पढ़ने आते हैं।

रेलवे स्टेशन से आठ किलोमीटर दूर संगम तट पर सम्राट अशोक द्वारा बनवाया गया किला मौजूद है, इसका जीर्णोद्धार अकबर ने करवाया था। किले में अशोक स्तंभ इस का संकेत देता है। यह भी हो सकता है कि पहले अशोक स्तंभ रहा हो जिसे घेरे में लेकर अकबर ने यह किला बनवाया हो। अधिकतर लोगों का ऐसा ही मानना है। इस किले का निर्माण 1583 में आरम्भ हुआ था। सन् 1838 में अंग्रेजों ने इस किले का लगभग पुनर्निमाण कराया और वर्तमान रूप दिया। इस किले में भारतीय ईरानी वास्तुकला का मेल आज भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इस विशाल किले में 23 महल, 3 शयनागार, 25 द्वार, 23 बुर्ज, 270 भवन, 176 कमरे, 2 खासेआम, 70 तहखाने, 7 दालानें, 20 तबेले, 1 बावड़ी, 1 कुआं और 1 नहर भी है। किले के भूतल में पातालपुरी मंदिर है जो बड़ा भव्य और विशाल है। इसमें 50 मूर्तियां और 100 प्रस्तर स्तंभ हैं। किले में घूमने के लिए पास लेना पड़ता है। कुछ खास स्थान देखने को नहीं मिलते। माघ मेले के दौरान अक्षयवट का मार्ग खोल दिया जाता है।



आप खुसरो बाग भी देखने जा सकते हैं। यह रेलवे स्टेशन से मात्र आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जहांगीर के पुत्र खुसरो द्वारा इस बाग का निर्माण कराया गया था। यह सत्रह बीघा विस्तार में है। यहां खुसरो और उसकी बहन सुलतानुन्निसा की कब्रें हैं। ये मकबरे काव्य और कला के सुंदर नमूने हैं। फारसी भाषा में जीवन की नश्वरता पर जो कविता यहां लिखी गई है, वह मन को भीतर तक स्पर्श कर जाती है। आप आजाद पार्क भी देखने जा सकते हैं। यह स्टेशन से लगभग तीन किलोमीटर दूर है। पहले विक्टोरिया पार्क के नाम से जाना जाने वाला यह पार्क अब चंद्रशेखर आजाद पार्क के नाम से जाना जाता है। यहां एक ब्रिटिश कालीन लाइब्रेरी भी है और साथ में ही एक स्पोटर्स स्टेडियम भी है।

यदि आप रोमांचित करने वाली वस्तुओं को देखने के शौकीन हैं तो म्यूजियम देखने भी जा सकते हैं। आजाद पार्क के बगल में ही कमला नेहरू मार्ग में एक म्यूजियम है। यहां 13वीं सदी की दुलर्भ वस्तुएं सुरक्षित हैं। यहां पर मूर्ति निर्माण कला का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। आप मिंटो पार्क, सरस्वती घाट, नेहरू गार्डन आदि स्थल भी देखने जा सकते हैं।

इलाहाबाद में दिसंबर-जनवरी तथा मई-जून को छोड़कर बाकी महीनों में सीजन ठीक रहता है। वैसे तीर्थयात्री तो मौसम की भी परवाह नहीं करते। इलाहाबाद उत्तर रेलवे का प्रमुख जंक्शन है इसलिए यहां पर पूरे देश से रेलमार्ग द्वारा आने की सुविधा है।

## इलाहाबाद के दर्शनीय स्थल

### इलाहाबाद का किला

यह भव्य किला अकबर ने 1583 ईसवी में बनवाया था। यह किला संगम तट के निकट यमुना के किनारे है ।यह किला अपने शिल्प और निर्माण के लिए प्रसिद्ध है ।यह किला तीन शानदार दीर्घाओं में बंटा हुआ है ।वर्तमान में यह किला सेना द्वारा इस्तमाल किया जाता है केवल कुछ क्षेत्र ही पर्यटकों के लिए खुले है । किले की बाहरी दीवार जल की सतह के ऊपर प्रतीत होती है । पर्यटकों को अशोक स्तम्भ और सरस्वती कूप देखने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है ।सरस्वती कूप को सरस्वती नदी का स्त्रोत माना जाता है ।यहीं पर पातालपुरी मंदिर और अक्षय वट भी है ।

### पातालपुरी मंदिर

इस भूमिगत मंदिर में ही अक्षय वट है ।ऐसी मान्यता है कि यहाँ की यात्रा भगवान् राम ने की थी ।इस स्थान का भ्रमण ह्वेन त्सांग द्वारा भी किया गया था।

### अशोका स्तम्भ

अशोका स्तम्भ बलुआ पत्थर का बना हुआ है। इसकी ऊचाई 10.6 मीटर है। इस स्तम्भ पर कई शिलालेख हैं। जहाँगीर द्वारा लिखवाया गया शिलालेख इस पर फारसी में हैं सिंहासन के लिए अपने परिग्रहण के उपलक्ष्य में।

### अक्षय वट

पातालपुरी मंदिर के भीतर अमर वृक्ष है ।इस वृक्ष का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में मिलता है । यह वृक्ष बहुत नीचे की ओर स्थित है । यात्रियों को पातालपुरी मंदिर, अक्षय वट और अशोका वृक्ष देखने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है।

### हनुमान मंदिर

यह मंदिर संगम के पास है । इस मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति है जोकि सारे उत्तर भारत में प्रसिद्ध है ।यहां भगवान हनुमान की बड़ी मूर्ति को एक मनमोहक मुद्रा



में देखा जा सकता है। जब गंगा नदी में बाढ़ आती है , यह मंदिर जलमग्न हो जाता है।

### शंकर विमान मंडपम

यह मंदिर 130 फुट ऊंचा है। यह चार स्तम्भों पर टिका है। यहाँ कुमारिल भट्ट, जगतगुरू शंकराचार्य, कामाक्षी देवी (लगभग 51 शक्तिपीठ्स के साथ), योग्सहस्त्र सहस्त्रयोगा लिंगा (लगभग 108 शिव के साथ) की मूर्तियां हैं ।

### मनकामेश्वर मंदिर

यह सरस्वती घाट के पास यमुना नदी के तट पर स्थित है। यह इलाहाबाद के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में से एक है।

### मिंटो पार्क

यह सरस्वती घाट के पास स्थित है। इसमें एक पत्थर का स्मारक है इसके शीर्ष पर चार शेरो का प्रतीक लगा हुआ है । मिंटो पार्क की नींव लॉर्ड मिंटो ने 1910 में रखी थी ।

### स्वराज भवन

यह पुराना आनंद भवन है, जो वर्ष 1930 में मोती लाल नेहरू ने कांग्रेस समिति के मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल करने के लिए राष्ट को दान कर दिया था । मोती लाल नेहरु ने इसे स्वराज भवन का नाम दिया । भारत के स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी यहाँ पैदा हुई थी । प्रकाश और ध्वनि प्रदर्शन की सुविधा 11.00 से 5.00 बजे तक 5 रुपये प्रति व्यक्ति के टिकट पर उपलब्ध है। यह सोमवार को बंद रहता है ।

### आनंद भवन

यह तत्कालीन नेहरू परिवार का पैतृक घर है। इसे अब संग्रहालय में बदल दिया गया है। यह स्वतंत्रता संग्राम से सम्बन्धित महत्वपूर्ण निर्णय , घटनाओं का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है । मुख्य भवन एक संग्रहालय है जो नेहरू परिवार की यादगार है । इसके खुलने का समयः 9.30 से 5.00 तक व टिकट- 2 .00 रुपये है। सोमवार और सरकारी छुट्टियों पर बंद रहता है।

### जवाहर तारामंडल

वैज्ञानिक खगोलीय यात्रा के लिए यह तारा मंडल बनाया गया है ।तारामंडल खुलने का समय- 11 ः00 से 4 ः00 , टिकट- 20 .00 रुपये । सोमवार को बंद रहता है । फोन- 0532-2467093

### साई धाम मंदिर

शिरडी साईं बाबा का यह नया मंदिर एजी कार्यालय के निकट ड्रमंड रोड पर स्थित है। यहाँ पर्यटक बड़ी संख्या में बृहस्पतिवार को आते है।

### इलाहाबाद विश्वविद्यालय

भारत के सबसे प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में से एक है। इसके परिसर में विक्टोरियन और इस्लामी स्थापत्य शैली की इमारते हैं।

### इलाहाबाद संग्रहालय

इस संग्रहालय में मूर्तिकला का एक उत्कृष्ट संग्रह है।

### म्योर कॉलेज

विलियम एमर्सन द्वारा बनाया गया था। यह गोथिक और भारतीय वास्तु तत्वों की एक उत्कृष्ट मिश्रण है।इसे 1874 में शुरू किया और 1886 में खोला गया है । इसमें एक 200 फुट ऊँची चतुष्कोणीय मीनार है जो बलुआ पत्थर, संगमरमर और मोज़ेक से बनी हुई है। । इसके गुम्बद भारत - अरबी संरचना के पत्थरों से बना हुआ है ।

### चन्द्र शेखर आजाद पार्क

संग्रहालय से सटे इस शानदार पार्क को कंपनी बाग के रूप में जाना जाता था । यहाँ इमारतों के अतिरिक्त सार्वजनिक पुस्तकालय,जी.एन. झा अनुसंधान संस्थान और चन्द्र शेखर आजाद की मूर्ति है । इस पार्क का नाम महान शहीद स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के नाम पर रखा गया है।

### पत्थर गिरजाघर

यह शानदार गिरजाघर 1870 में सर विलियम एमर्सन द्वारा डिजाइन किया गया और 1887 में निर्मित किया गया ।इस गिरजाघर की खूबसूरती प्रत्येक आगंतुक को प्रभावित करती है।

### खुसरो बाग

एक बड़ा बगीचा है जिसमें खुसरो, सम्राट जहागीर और शाह बेगम के बेटे की कब्रें स्थित हैं ।

### पब्लिक पुस्तालय

चन्द्र शेखर आजाद पार्क ( अल्फ्रेड पार्क ) में स्थायी एक स्मारक,एक बुलंद टावर और तोरणयुक्त मठ है। 1879 में, पुस्तकालय चन्द्र शेखर आजाद पार्क ( अल्फ्रेड पार्क ) परिसर को स्थानांतरित कर दिया गया था ।इसमें 75 000 किताबें मौजूद हैं ।इसमें पांडुलिपियों और पत्रिकाओं का एक खजाना है ।

### मेयो मेमोरियल हॉल

थॉर्नहिल और मेयो मेमोरियल के पास यह हॉल स्थित है। इस बड़े हॉल में एक 180 फुट ऊँचा टॉवर है।इस मेमोरियल हॉल के इंटीरियर डिजाइन साथ दक्षिण केंसिंग्टन संग्रहालय, लंदन के प्रोफेसर गैंबल से अलंकृत किया गया। 1879 में बना यह हॉल सार्वजनिक बैठकों, वायसराय की स्मृति में और स्वागत के लिए बनाया गया था ।

## आंतकी फंडिंग मामले में गैंगस्टर अमन साहू के ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

रांची। एनआईए ने आंतकी फंडिंग मामले में झारखंड के गैंगस्टर अमन साहू के रांची और हजारीबाग स्थित तीन ठिकानों पर करीब छह घंटे तक छापेमारी की। इस दौरान एक एसयूवी, सीसीटीवी का डीवीआर और बैंक ट्रांजैक्शन से जुड़े कागजात जब्त किए गए। अमन साहू पलामू जेल में बंद है, लेकिन उसका टेरर नेटवर्क झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में बदस्तूर जारी है। हाल के महीनों में उसके गैंग से जुड़े कई अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया हैं कि उसके संबंध कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से हैं। अमन रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव का रहने वाला है। एनआईए की अलग-अलग टीम ने बुधवार सुबह पांच बजे तीनों ठिकानों पर एक साथ रेड डाली। दोपहर करीब 12.30 बजे छापेमारी खत्म होने के बाद टीम निकल गईं। अमन के गुर्गे झारखंड के हजारीबाग, चतरा, लातेहार, रामगढ़ और पलामू के कोयला क्षेत्रों के साथ-साथ सरकारी योजनाओं के ठेकेदारों और कारोबारियों से लगातार रंगदारी वसूलते रहे हैं। गिरोह ने हत्या की एक दर्जन से भी ज्यादा घटनाएं अंजाम दी है। पुलिस ने रायपुर में एक कोयला कारोबारी और रोड कांट्रैक्टर की हत्या करने पहुंचे अमन साहू गैंग के चार शूटर को 26 मई को गिरफ्तार किया था। इस मामले में रायपुर कोर्ट ने अमन साहू से पूछताछ के लिए प्रोडक्शन वारंट को मंजूरी दी है। जल्द ही पलामू जेल से रायपुर ले जाया जाएगा।

## इंडिगो विमान को बम से उड़ाने की धमकी, मुंबई में हुई सुरक्षित लैंडिंग

–एयरपोर्ट पर सुरक्षादल और सीआईएसएफ ने मोर्चा संभाला

मुंबई। चेन्नई से मुंबई की इंडिगो फ्लाइट में बम से उड़ाने की धमकी मिली। फ्लाइट बुधवार रात मुंबई में सुरक्षित उतर गई। इंडिगो ने एक बयान जारी कर कहा कि सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया है। चेन्नई से मुंबई जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 5149 को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। मुंबई में उतरने पर, चालक दल ने प्रोटोकॉल का पालन किया और विमान को एक आइसोलेशन बे में ले जाया गया। यह धमकी भरा मेल एयरलाइंस के मुख्यालय में आया था। मेल मिलते ही एयरलाइंस ने पुलिस को अलर्ट किया। एयरपोर्ट पर सुरक्षादल पहुंच गए थे। सीआईएसएफ ने मोर्चा संभाला। पुलिस ने तलाशी ली और कहा कि उन्हें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अफसरों ने बताया कि मुंबई में उतरने पर, चालक दल ने प्रोटोकॉल का पालन किया और विमान को एक आइसोलेशन बे में ले जाया गया। सभी यात्री विमान से सुरक्षित उतर गए। बता दे इससे पहले मंगलवार को मुंबई के 50 से अधिक अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी वाला मेल मिला था। मुंबई पुलिस के मुताबिक ईमेल भेजने वाले ने दावा किया कि अस्पतालों के बिस्तरों के नीचे और बाथरूम में बम लगाए। जिन अस्पतालों को धमकी भरा मेल मिला, उनमें मुंबई के जसलोक अस्पताल, रहेजा अस्पताल, सेवन हिल अस्पताल, कोहिनूर अस्पताल, केईएम अस्पताल, जेजे अस्पताल और सेंट जॉर्ज अस्पताल शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि ईमेल भेजने वाले ने मेल भेजने के लिए वीपीएन नेटवर्क का इस्तेमाल किया था, जिसे बीबल डॉट कॉम नाम की वेबसाइट से भेजा गया था। सूचना मिलने पर पुलिस दल और बम निरोधक दस्ते ने अस्पतालों की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने कहा कि उन्होंने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

## आइसक्रीम में उंगली किसकी... इसका मिल गया जबाव

मुंबई। कुछ दिन पहले मुंबई के मलाड में एक डॉक्टर को ऑनलाइन ऑर्डर की गई आइसक्रीम में इंसान की एक उंगली मिली। इस मामले के बाद खाने-पीने की चीजों को लेकर और उसकी शुद्धता पर सवाल खड़े हो गए थे। वहीं, मुंबई पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच में पुलिस को बड़ा सुराग हाथ लगा है, इस लेकर संदेह जताया जा रहा है की यह उंगली आइसक्रीम फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी की हो सकती है। जिस दिन से ये घटना सामने आई है, तबसे लोगों के अंदर एक सवाल कौंध रहा था कि आखिर ये उंगली किसकी होगी। पुलिस के सामने भी चैलेंज था कि वह इस सवाल का जवाब ढूंढ कर लाए। अब पुलिस ने मामले में बड़े सवाल को लेकर खुलासा किया है। पुलिस ने पाया है कि यम्मो आइसक्रीम की पुणे फैक्ट्री के एक कर्मचारी की उंगली में दुर्घटना में चोट लग गई थी। सूत्रों का कहना है कि जांच में सामने आया है कि जिस आइसक्रीम में उंगली का टुकड़ा मिला था, उसी दिन दुर्घटना हुई थी। पुलिस ने डीएनए टेस्ट के लिए नमूने भेजे हैं और रिपोर्ट आने के बाद ही यह पुष्टि होगी कि उंगली कर्मचारी की है या नहीं। दरअसल मुंबई के डॉक्टर ओरलेम ब्रैंडन सेराओ को अपनी बहन द्वारा ऑनलाइन मंगाई आइसक्रीम में एक उंगली मिली। डॉ. सेराओ ने कहा, आधा खाने के बाद, मुझे लगा कि मेरे मुंह में एक ठोस टुकड़ा है। मुझे लगा कि यह अखरोट या चॉकलेट का टुकड़ा हो सकता है और मैंने यह जांचने के लिए उस थूक दिया कि यह क्या है। डॉ. सेराओ ने कहा कि मैं एक डॉक्टर हूं, इसलिए मुझे पता है कि शरीर के अंग कैसे दिखते हैं। जब मैंने ध्यान से इसकी जांच की, मैंने इसके नीचे नाखून और उंगलियों के निशान दिखाई दिए। यह अंगूठे जैसा दिख रहा था। मैं सदमे में हूं।

## सोपोर में सेना को कामयाबी.... दो आतंकी मार गिराए

श्रीनगर। उत्तर कश्मीर के सोपोर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। जिसमें अब तक दो आतंकी मारे गए हैं। एक पुलिसकर्मी और एक जवान के भी घायल होने की सूचना है। ऑपरेशन अभी भी जारी है। सोपोर इलाके में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। इसमें अब तक दो आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। आतंकवादियों की मौजूदगी की खबर मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने अरागाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की ओर से सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी शुरू करने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मारे गए आतंकवादी की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने की टर्म प्लान- आईप्रोटेक्ट स्मार्ट पर महिलाओं के लिए की 15 प्रतिशत आजीवन छूट की पेशकश

नयी दिल्ली : आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आज अपने सबसे अधिक बिकने वाले टर्म इंश्योरेंस प्रोडक्ट, आईप्रोटेक्ट स्मार्ट के लिए भुगतान किए जाने वाले सभी प्रीमियमों पर विशेष रूप से महिलाओं के लिए 15 फीसदी की आजीवन छूट की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, वेतनभोगी महिलाओं को पहले साल के प्रीमियम पर अतिरिक्त 15 फीसदी छूट मिलेगी, ताकि वे खुद को और अपने प्रियजनों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर सकें। आईप्रोटेक्ट स्मार्ट, गंभीर बीमारी लाभ के साथ स्तन, ओवेरियन, गर्भाशय और सर्वाइकल ग्रीवा के कैंसर सहित 34 गंभीर बीमारियों के खिलाफ कवर प्रदान करता है। इसके तहत स्वास्थ्य और जीवन दोनों किस्म के बीमा के लाभ मिलते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि गंभीर बीमारी के लिए कवर की गई राशि का भुगतान निदान के समय किया जाता है, जिससे परिवार की बचत को प्रभावित किए बिना तत्काल चिकित्सा उपचार के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध हो। द लैंसेट के अनुमान के अनुसार, 50 साल से कम आयु वर्ग, जिनमें कैंसर होने का पता चला, उनमें महिलाओं का अनुपात अधिक था। शहरी निजी अस्पताल में एक बार अस्पताल में भर्ती होने पर 1 लाख रुपए से अधिक का खर्च आ सकता है, इसलिए महिलाओं के लिए ऐसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता की योजना बनाना आवश्यक है। इस घोषणा पर अपनी टिप्पणी में, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अमित पल्टा ने कहा, हम अपने परिवारों की भलाई के लिए अभिभावक और हमारी परवाह करने वाले व्यक्ति के रूप में महिलाओं द्वारा किए गए बलिदान का सम्मान करते हैं। हम महिलाओं के अदम्य साहस के सम्मान में, अपने सबसे लोकप्रिय टर्म इंश्योरेंस प्रोडक्ट, आईप्रोटेक्ट स्मार्ट के सभी प्रीमियम्स पर 15 फीसदी की आजीवन छूट देने पर गर्व है।

# एक करोड़ रुपये से अधिक के उपकरण खरीदेगी यूपी पुलिस, सुरक्षा में इस्तेमाल होंगे 91 नये अत्याधुनिक उपकरण




लखनऊ। (एजेंसी)। यूपी पुलिस देशभर में करोड़ों लोगों के चहेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने जा रही है। इसके लिए महकमा 1 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के अत्याधुनिक उपकरण खरीदने की तैयारी कर रहा है। विभिन्न आतंकी समूहों सहित कई राष्ट्रविरोधी ताकतों की ओर से संभावित खतरों को देखते हुए महकमा हर स्तर पर मुख्यमंत्री के सुरक्षा घेरे को लगातार मजबूत करता रहता है। बता दें कि सीएम योगी को जेड प्लस श्रेणी और एनसजी कमांडो का कवर प्राप्त है। वहीं प्रदेश पुलिस के जांबाज जवानों का दस्ता भी उनकी सुरक्षा में हर वक्त तैनात रहता है।

### 1.02 करोड़ रुपए के 91 उपकरण खरीदेगी यूपी पुलिस

पुलिस विभाग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विभिन्न जिलों में दौरों के वक्त उनकी सुरक्षा के स्तर को और मजबूत बनाने की तैयारी कर रहा है। इसमें ड्रोन, बॉडीवॉर्न कैमरा, ड्रेसकैम और नाइट विजन की अतिरिक्त खेप को भी सीएम की सुरक्षा व्यवस्था में जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री के साथ ही राज्यपाल की सुरक्षा को भी पुख्ता बनाया जाना है। इस संबंध में शासन की ओर से एडीजी हेडक्वार्टर को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिविशिष्ट और विशिष्ट महानुभावों के प्रदेश भ्रमण, रैलियों, धार्मिक स्थलों, कुंभ मेला सहित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 1 करोड़ 2 लाख 20 हजार रुपए के 91 उपकरणों की खरीद की जानी है।

### इन उपकरणों को खरीदेगी यूपी पुलिस

प्रदेश के पुलिस महकमे की ओर से तीन अत्याधुनिक ड्रोन कैमरों की खरीद की जानी है, जिसकी कुल कीमत 42 लाख रुपए है। इसके अलावा 50 बॉडीवॉर्न कैमरा की कुल कीमत 25 लाख है। वहीं 34 ड्रेसकैम की कीमत 6 लाख 80 हजार है, जबकि 4 नाइट विजन की कीमत 28 लाख 40 हजार रुपए आंकी गई है। ये सभी कीमतें या तो पूर्व खरीद के आधार पर अथवा जैम पोर्टल के आधार पर तय की गई हैं। गृह विभाग की ओर से पुलिस महकमे के तकनीकि दक्ष अधिकारियों को सभी उपकरणों की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये उपकरण, जिलों में दौरे के वक्त सीएम और राज्यपाल की सुरक्षा में तैनात कर्मियों और फ्लीट के वाहनों से अटैच की जाएंगी।

## राहुल गांधी का दावा... कभी भी गिर सकती हैं एनडीए सरकार



नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि भारतीय राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि बीजेपी को बहुमत नहीं मिलने की दिशा में इस बार मोदी सरकार को पांच साल का कार्यकाल पूरा करने में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। राहुल गांधी ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था का दायरा बढ़ा है। भारतीय राजनीति में बड़े बदलाव हुए हैं। इस बार जीत के आंकड़ें हैं कि एक छोटा सी चूक मोदी सरकार को गिरा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के गुट में बड़ा असंतोष है। पीएम मोदी गुट के कई नेता हैं, जो हमारे संपर्क में हैं। इसतरह एक छोटी से गलती और गठबंधन के सहयोगी मुंह मोड़ सकते हैं। बता दें कि राहुल गांधी ने 2024 लोकसभा चुनाव के नतीजों को बीजेपी की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ जनादेश बताया था।

# दलाई लामा से मिलने भारत आए अमेरिकी सांसद पर भड़का चीन



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी सांसदों के दल को भारत आए हुए 24 घंटे भी नहीं हुए कि चीन ने आंखे तरेरना शुरु कर दिया है। यहां अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य तिब्बत के आध्यामिक गुरु दलाई लामा से मुलाकात करेंगे। लगभग 2 साल पहले ताइवान का दौरा करके सुर्खियों में आई अमेरिकी कांग्रेस की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी भी इस समूह का हिस्सा हैं। यह दल यूएस हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में धर्मशाला का दौरा कर रहा है। मैककॉल और पेलोसी के अलावा, प्रतिनिधिमंडल में अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य, मैरिएनेट मिलर, ग्रेगरी मीक्स, निकोल मैलियोटैकिस, जिम मैकगवर्न और एमी बेरा शामिल हैं। पेलोसी ने अगस्त 2022 में ताइवान का दौरा किया था और चीन ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की वहां यात्रा की तीखी आलोचना की थी।

बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बाइडेन से अमेरिकी सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव दोनों द्वारा पारित हो चुके बायपार्टीशन तिब्बत पॉलिसी बिल पर हस्ताक्षर न करने के लिए कहा है। वाशिंगटन में मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, विधेयक को कानून बनाने के लिए बाइडेन के हस्ताक्षर का इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले बुधवार को अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव ने तिब्बत-चीन विवाद के लिए इस बिल को मंजूरी दी थी। इस बिल को सीनेट से पहले से पास करा लिया गया था। साथ ही यह विधेयक तिब्बत के इतिहास, लोगों और संस्थानों के बारे में बीजिंग द्वारा फैलाई जा रही 'भ्रामक सूचना' का मुकाबला करने के लिए धनराशि मुहैया कराएगा। इस विधेयक का उद्देश्य तिब्बत पर अपने नियंत्रण के बारे में चीन के बयान का मुकाबला करना और चीनी सरकार और दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देना है। धर्मशाला के गग्गल एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद, मैककॉल ने इस दौरे के बारे में बताया, हम हिज होलीनेस दलाई लामा से मिलने और कई चीजों के बारे में बात करने के लिए उत्साहित हैं। इसमें कांग्रेस द्वारा पारित विधेयक भी शामिल है, जिसमें मूल रूप से कहा गया है कि अमेरिका तिब्बत के लोगों के साथ खड़ा है। मैककॉल ने कहा है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन इस विधेयक पर हस्ताक्षर जरूर करेंगे। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के उच्च-स्तरीय अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। धर्मशाला तिब्बत की निर्वासित सरकार की सत्ता का केंद्र है, जब से दलाई लामा छह दशक पहले भारत में आए थे।

## बिहार में उद्घाटन से पहले ही 12 करोड़ की लागत से बना पुल गिरा

–केंद्रीय मंत्री ने दी सफाई, बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने करवाया निर्माण

अररिया (एजेंसी)। बिहार के अररिया जिले में 12 करोड़ की लागत से एक पुल का निर्माण किया था जिसका उद्घाटन होना बाकी था वह पुल चालू होन से पहले गिर गया। जिस पर लोग सवाल उठा रहे हैं। अब इस पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सफाई दी है। बिहार में बकरा नदी पर नवनिर्मित पुल का एक हिस्सा ढह गया। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। बिहार की नीतीश सरकार की ओर से बनाए गए इस पुल को जनता के लिए अभी नहीं खोला गया था क्योंकि पुल तक पहुंचने के लिए कनेक्टिंग रोड का निर्माण किया जाना है। ये पुल अररिया जिले के कुर्सा कांटा और सिकटी क्षेत्रों को जोड़ता है।

बकरा नदी पर बने नए पुल का पिलर अचानक धंस गया। 12 करोड़ की लागत से बने इस पुल का एक हिस्सा नदी में समा गया। इस पुल का उद्घाटन भी नहीं हुआ है। स्थानीय विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि पुल चालू होने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया एक्स पर बयान जारी कर कहा कि बिहार के अररिया में दुर्घटनाग्रस्त पुल का निर्माण केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के अंतर्गत नहीं हुआ है। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत इसका काम चल रहा था। पुल के दो से तीन पिलर नदी में धंस गए और पुल गिर गया। पुल निर्माण करने वाली एजेंसी और प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे।

स्थानीय भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने पुल निर्माण के लिए काफी प्रयास किए थे। पुल गिरने की सूचना पर वह भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने बताया कि ये पुल पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। ये दो प्रखंडों को सीधे जोड़ने का माध्यम बनता, लेकिन उद्घाटन के पहले ही नदी में समा गया। बिहार ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से पुल बनाया गया था। जमीन पर ही पिलर गाड़कर तैयार किया गया था। एप्रोच रोड भी अभी नहीं बनी है।

## तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव... एक्शन में कांग्रेस



– 24 जून से शुरु होगा बैठकों का दौर

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव में संतोषजनक प्रदर्शन के बाद कांग्रेस अब संगठन और उन राज्यों के लिए रणनीति बनाने को लेकर काम में जुट गई है जहां चुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी इस लेकर 24 जून से रणनीतिक बैठकें शुरू करने वाले हैं। इस रणनीति की शुरुआत पार्टी झारखंड के साथ करेगी। महाराष्ट्र के लिए पार्टी की रणनीतिक बैठक 25 जून को होगी और हरियाणा के नेताओं से 26 जून को मुलाकात होगी। जम्मू और कश्मीर के लिए रणनीतिक बैठक 27 जून को होगी। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में विधानसभा चुनाव साल के आखिर में होने हैं। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल ने कहा, अपने पक्ष में बने माहौल को आगे बढ़ाते हुए हम तीन राज्यों में होने वाले चुनावों में शानदार जीत सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी चुनाव वाले राज्यों के सीनियर नेताओं के साथ रणनीतिक बैठक करने वाले हैं।

इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की अध्यक्ष वाई. एस. शर्मिला से अपने घर पर मुलाकात की। हाल ही में हुए चुनाव में हार के बाद आंध्र प्रदेश में कांग्रेस को फिर से जीवित करने की जिम्मेदारी शर्मिला को सौंपी गई है।

महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में विधानसभा चुनाव इसी साल के आखिर में होने हैं। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 को खत्म होगा। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी, 2025 को खत्म हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर से पहले चुनाव हो जाना चाहिए।

## दिल्ली-एनसीआर में गर्मी ने बारह साल का रिकार्ड तोड़ा, बीते 24 घंटे में 19 लोगों ने गंवाई जान




नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर में गर्मी ने पिछ्ले 12साल के रिकार्ड को तोड दिया है। लू और हीट स्ट्रोक के कारण पिछले 24 घंटों में अलग-अलग जगहों में कम से कम 19 लोगों ने अपनी जांन गंवा दी है। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को 12 साल की सबसे गर्म रात रही और न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो कि सामान्य से 08 डिग्री अधिक रहा है। इससे पहले जून 2012 में सबसे गर्म रात का न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

मौजूदा वक्त में दिल्ली-एनसीआर समेत पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में हैं। भीषण गर्मी के चलते राजधानी दिल्ली, नोएडा में आदि जगहों पर लू और हीट स्ट्रोक के मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। हीट स्ट्रोक और लू के कारण पिछले 24 घंटों में अलग-अलग जगहों में 19 लोगों की मौत हुई है। नोएडा में ही पिछले 24 घंटे में संदिग्ध परिस्थिति में 14 लोगों ने अपनी जान से हाथ धोया है। आशंका जताई जा रही है कि सभी मौतें लू और हीट स्ट्रोक के कारण हुई है, जबकि स्वास्थ्य विभाग का कहना था कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण का सही पता चल सकेगा।

गर्मी में बढ़ती बीमारियों और मौतों के लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने केंद्र सरकार के अधीन वाले सभी अस्पतालों और मेडिकल इंस्टीट्यूट को आदेश जारी कर कहा है कि हीट वेव के कारण बीमार हुए लोगों को प्राथमिकता प्रदान की जाए और उचित इलाज किया जाए।

### दिल्ली-एनसीआर में बदल रहा मौसम

इस बार की भीषण गर्मी ने जहां दिल्ली के रहवासियों के लिए पेयजल की समस्या पैदा कर दी है, वहीं अब दिल्ली समेत एनसीआर में गर्मी का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे में मौसम विभाग ने आज बुधवार से मौसम बदलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग का कहना है कि नई दिल्ली के कुछ स्थानों और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इस बीच 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके चलते दक्षिणी दिल्ली, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली, दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में बारिश होने की संभावना बनी है।

## योग दिवस पर श्रीनगर में पीएम मोदी के साथ शामिल होंगे 7,000 से अधिक लोग : मनोज सिन्हा



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में प्रसिद्ध डल झील के किनारे 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों के 7,000 से अधिक लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में होने वाले समारोह में शामिल होंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री का यहां होना पूरी कश्मीर घाटी के लिए सम्मान की बात है। सिन्हा ने कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यहां होना पूरी घाटी के लिए सम्मान की बात है। वह 21 जून को डल झील के किनारे 7,000 से अधिक लोगों के साथ योग करेंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का जम्मू-कश्मीर से विशेष जुड़ाव है, यही वजह है कि उन्होंने 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस श्रीनगर में मनाने का फैसला किया। पिछले 10 सालों में योग को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। उन्होंने कहा, पिछले साल जम्मू-कश्मीर में 23 लाख लोगों ने योग दिवस में भाग लिया था और मैं देख रहा हूं कि हर रोज योग करने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। तनाव मुक्त जीवन के लिए लोग योग को अपना रहे हैं। कश्मीर के लोगों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के संबंधों पर सिन्हा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि जम्मू-कश्मीर के लोगों और प्रधानमंत्री मोदी के बीच कोई दूरी है। तीन महीने पहले जब उन्होंने बख्शी स्टेडियम में भाषण दिया था, तो उस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। इससे साबित होता है कि लोग प्रधानमंत्री मोदी से भी उतने ही जुड़े हुए हैं।

# हरियाणा में कांग्रेस का मतलब हुड्डा... क्या इस कारण किरण चौधरी ने की बगावत

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव नतीजे आए अभी 15 दिन ही बीते हैं कि हरियाणा में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस विधायक किरण चौधरी ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर अपनी बेटी श्रुति चौधरी के साथ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल हो गई हैं। किरण चौधरी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसी लाल की पुत्रवधु हैं। किरण की बेटी श्रुति पूर्व सांसद हैं और पार्टी छोड़ने तक हरियाणा कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष भी थीं। किरण, कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ एसआरके गुट का भी हिस्सा थीं जो भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चुनौती देता आया है।

कांग्रेस हरियाणा की सत्ता से पिछले दो चुनाव से दूर है। 2014 और 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस हरियाणा की एक भी सीट नहीं जीती थी। लेकिन पार्टी इस बार सूबे की 10 में से पांच सीटें जीतने में सफल रही। इसके बाद 10 साल बाद सूबे की सत्ता में वापसी की आस लगाए कांग्रेस के लिए किरण का पार्टी छोड़ जाना बड़ा झटका माना जा रहा है। इससे अक्टूबर-नवंबर महीने तक होने वाले हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के अभियान पर कितना असर पड़ेगा, इस लेकर भी चर्चा हो रही है।

राजनीतिक विश्लेषक रशीद किदवई ने कहा कि कांग्रेस में पहले जो भगदड़ की स्थिति देखी गई है, उसका कारण था कि नेताओं में इस लेकर विश्वास का अभाव था कि वे कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीत सकते हैं। हालिया आम चुनाव के बाद तस्वीर बदली है, खासकर हरियाणा में। मुझे नहीं लगता कि किरण के जाने से कांग्रेस को ज्यादा नुकसान होगा है। फिर भी, अब कांग्रेस नेतृत्व को चाहिए कि वह कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला से संवाद करे, यह भरोसा दिलाए कि उन्हें हाशिए पर नहीं जाने दिया जाएगा। साथ ही नेतृत्व को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सबसे बड़े चेहरे हुड्डा भी हताश और निराश ना हों।

लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण पर हुड्डा की छाप दिखाई दी। चुनाव नतीजे आने के बाद हुड्डा ने प्रेसवार्ता की थी, जिसमें कुमारी शैलजा को छोड़कर हरियाणा से जीते कांग्रेस के चारो सांसद मौजूद थे। हुड्डा की इस पीसी को यह संदेश देने की कोशिश के तौर पर देखा गया कि हरियाणा में कांग्रेस का मतलब हुड्डा ही हैं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**